5. प्रत्येक विश्व संसद निर्वाचन के पूर्व, मतदाता सूचना पुस्तिका तैयार करना जोकि मुख्य वर्तमान सार्वजनिक समस्याओं का संक्षिप्तिकरण करेंगे और प्रत्येक उम्मीदवार की सूची तैयार करेंगे जिसमें निर्वाचन आयोंग के लिये हर उम्मीदवार के बारे में सामान्य सूचनाएँ होंगीं और हर उम्मीदवार के लिये जगह होगी कि वे अपना पक्ष सामने रखें और मुख्य समस्याओं पर विचार व्यक्त करें व किसी भी कार्य जिस पर चुनाव होना हो उसकी सूचना दें, मतदाता की सूचना पुस्तिकाओं को प्रत्येक विश्व निर्वाचन जनपद अथवा सही जनपदों के समूह में बाँटना और पुस्किाओं को तैयार करने में सरकारी प्रक्रियाओं और विश्व समस्याओं के संस्थान, शोध और योजना की एजेन्सी और तकनीकी और पर्यावरण जागरूकता की एजेन्सी की सलाह लेना।
6. विश्व राजनैतिक दलों के नियम, विश्व संसद की सहमति व विश्व ओमबड्समस की समीक्षा और सुझावों के अर्न्तगत उनको परिभाषित करना।
7. विश्व नागरिकों की कानूनी पेशकश और सुझावों की विस्तृत प्रक्रिाओं को परिभाषित करना व अर्न्तराष्ट्रीय अथवा विश्व स्तर पर मतदान का संचालन व विश्व संसदीय निर्वाचन को इसके साथ करवाना।
8. विश्व सरकार के अन्य अंगों की मांग पर आम चुनाव करवाना व सीमा विवादों को निपटाने के लिये सुझाव देना।
9. हर 5 वर्षों के बाद एक विश्व जनगणना कराना व विश्व की जनसंख्या के बटवारे का लेखा जोखा तैयार करना और इसको ठीक से सम्भालना।
10. विश्व सीमाओं और निर्वाचन प्रशासन की प्रधानता एक 10 सदस्यीय आयुक्त के हाथ में होगी वरिष्ठ प्रशासनिक और मंत्रीमण्डल मंत्री व उपराष्ट्रपति के अतिरिकत। इस आयुक्त कार्यालय में हर 10 विश्व निर्वाचन और प्रशासनिक मैग्ना क्षेत्रों में से एक आयुक्त होगा। जो व्यक्ति आयुक्त के पद पर सेवा करेंगे वे काउन्सिलरों की सभा से नामांकित होंगे और फिर विश्व प्रेसीडियम के लिये 5 वचर्ष की अवधि के लिये नियुक्त किये जायेंगे। आयुक्त क्रमिक सत्रों में सेवा कर सकते हैं :-

<u>वर्ग डी : सरकारी और विश्व समस्याएं का संस्थान्र</u>

सरकारी प्रक्रिआयों और विश्व समस्याओं की संस्थान के कार्य निम्न होंगे किन्तु इतने ही सीमित नहीं होंगे:-

1. विश्व सरकार की सेवार्थ सूचना, शिक्षा और नियुक्त व्यक्तियों के प्रशिक्षण के लिये कोर्सो का संचालन करना जिसमें विश्व संसद के सदस्य व सभी अन्य निर्वाचित, नियुक्त व सिविल सर्विस के व्यक्ति सम्मिलित होंगे जिससे की विश्व सरकार की सेवा में लगा प्रत्येक व्यक्ति में विश्व सरकार के कार्य, ढाँचे, प्रक्रियाओं और विभिन्न अंगों के आपसी सम्बन्ध, विभागों, ब्यूरो, कार्यालयों, संस्थानों, आयुक्तों, एजेन्सियों ओंर अन्य हिस्सों की अच्छी समझ व पकड़ बने।
2. विश्व समस्याओं के हर क्षेत्र में सूचना, शिक्षा, विचार विमर्श अवगत कराना व ने विचार रखना इन सभी कार्यो के लिये कोर्स और सैमीनार तैयार करना व उनका संचालन करना विशेषत: विश्व संसद और विश्व कार्यपालक के सदस्यों हेतु और विश्व सरकार के सभी अंगों, विभागों, एजेन्सियों के मुख्य कार्यकर्ताओं हेतु जो उन सभी सेवा कर्मी के लिये उपलब्ध हों जो कि विश्व सरकार में लगे हैं।

3. विश्व प्रक्रिआयों और विश्व समस्यओं के संस्थान द्वारा कार्से और सेमीनारों के लिये विभिन्न देशों के योग्य व्यक्तियों को व्यक्तिगत और सार्वजनिक विश्वविद्यालयों, कालेजों और शोध और कर्ता संस्थाओं से लाना व अन्य योग्य व्यक्तियों को भाषण देने और संसाधन व्यक्ति बनने के लिये लाना।
4. संस्थान में कोर्सो और सेमीनारों के संचालन के लिये व्यक्तिगत व सार्वजनिक विश्वविद्यालयों और कालेजों व अन्य एजेनिसयों से सम्बन्ध बनाना।
5. विश्व प्रक्रिआयों और विश्व समस्यओं का संस्थान एक वरिष्ठ प्रशासनक और मंत्रीमण्डल मंत्री या उपराष्ट्रपति के अतिरिाक्त एक 10 सदस्य आयुक्त द्वारा देखा भाला जायेगा। इस आयुक्त में एक आयुक्त होगा जो कि जनता की सभा, देशों की सभा, काउन्सिलरों की सभा, प्रेसीडियम और न्यायधीशों के समूह, विश्व ओमबड्समस, विश्व ंजजवतदमल जनकार्यालय, शोध और योजना की एजेन्सी, तकनीकी और पर्यावरण निधारण एजेनसी और विश्व वित्तीय प्रशासन से होगा। आयुक्त 5 वर्षो से होगा। आयुक्तों का सेवाकाल 5 वर्ष का होगा और वे क्रमिक तौर पर सेवा करते जा सकेंगे।

वर्ग ई : शोध और योजना की एजेन्सी

शोध और योजना की एजन्सी निम्न होंगे किन्तु उन तक सीमित नहीं रहेंगे :-

1. इस एजेन्सी के सामर्थ्य का कोई कार्य जिसमें शोध और योजना की आवश्येता पड़े उसके किसी भी प्रकार के कार्य में विश्व संसद, विश्व कार्यपालक, विश्व प्रशासन व विश्व सरकार के अन्य अंगों, विभागों और एजेनसियों की सेवा करना।
2. विश्व संसाधनों की एक सम्पूर्ण संहिता को तैयार करना और उसकी देखभाल करना।
3. विश्व की जनता की भलाई के लिये धरती के संसाधनों के विकास, संरक्षण, दोबारा प्रयोग और समान बँटवारे के लम्बे समय के लिये बनायी गई व्यापक योजनाएँ, विश्व संसद के द्वारा कानूनी कार्यवाही के अर्न्तगत।
4. सभी विश्व समस्याओं का विवरण और उनकी एक व्यापक सूची तैयार करना, उसकी देख रेख, उनके आपसी सम्बन्धों, उनको सुलझाने के सुझाव और समय व एक सारणी बनाना और उनका विवरण।
5. विश्व संसद के किसी भी सदस्य के अनुरोध पर विश्व संसद की किसी भी सभा के सदस्य के अनुरोध पर शोध और कानूनी कदम तैयार करना।
6. प्रेसीडियम या कार्यपालक मंत्रीमण्डल या किसी मंत्रीमण्डल मंत्री के अनुरोध पर शोध करना और प्रसतावित कानून या प्रस्तावित कानूनी कार्यक्रम और संहित तैयार करना।
7. विश्व सरकार के किसी भी अंग, विभाग या एजेन्सी के अनुरोध पर शोध और रपट तैयार करना।
8. विभिन्न शोध और योजनात्मक कार्यो हेतु सार्वजनिक और व्यक्तिगत विश्वविद्यालयों, कालेजों, शोध संस्थाओं व अन्य संस्थानों और समूहों की सहायता एकत्रित करना।
9. विशिष्ट रप्टों अघ्ययन और प्रस्तावों हेतु सार्वजनिक और व्यक्तिगत विश्वविद्यालयों, कालेजों, शोध एजेन्सियों और अन्य संस्थाओं से सम्पर्क करके contract (समझौता) करना।
10. विश्व संसद के सभी संसद के लिये एक व्यापक विश्व पुस्तकालय की देख रेख जिसका विश्व सरकार में सेवारत अन्य सभी अधिकारी और कार्यकर्ता प्रयोग कर सकें व सार्वजनिक सूचना हेतु

11. शोध और योजना की एजेन्सी के कार्य की देखरेख वरिष्ठ प्रशासनक और मंत्रीमण्डल मंत्री अथवा उपराष्ट्रपति के अतिरिक्त एक 10 सदस्य आयुक्त परिषद द्वारा की जायेगी। इस आयुक्त परिषद में एक आयुक्त होगा जिसका नाम जनता की सभा, देशों की सभा, काउन्सिलरों की सभा, प्रेसीडियम विश्व न्यायमूर्तियों के कालीजियम, विश्व attorney general, विश्व ओमबड्समस, तकनीकी और पर्यावरण अनुमान लगाने वाली एजेन्सी, विश्व प्रक्रियाओं और विश्व समस्याओं का संस्थान और वियव वित्तीय प्रशासन द्वारा दिया जायेगा। आयुक्त का कार्यकाल 5 वर्ष का होगा और वे क्रमिक रूप से सत्रों में सेवा प्रदान कर सकते है।

वर्ग एफ : तकनीकी एवं वातावरण के अनुमान का संस्थान

तकनीकी और पर्यावरण आँकने की एजन्सी के कार्य निम्न होंगे किन्तु इन तक सीमित नहीं रहेगा :-

1. सभी महत्वपूर्ण तकनीकी और उनके परिणामों सहित विवरण और पंजीकरण की स्थापना और देखरेख।
2. उन तकनीकी नवनिर्माणों के परिणामों को जाँचना, विश्लेषण करना और आँकना जिनके महत्वपूर्ण लाभदायक व हानिकारक प्रभाव हो सकते हैं जोकि मानवीय जीवन के लिये संकटमय सिद्ध हो सकते हैं या धरती पर जीवजन्तु के लिये या फिर जिनके संकट समाप्त करने के लिये और लाभों को सु2रक्षित रखने के लिये कुद विशेष कानून-नियमों अथवा निषेधों को लागू करना पड़ेगा।
3. पर्यावरण और जीवनजन्तु की समस्याओं को जाँचना, विश्लेशण करना, आँकना विशेषकर उन पर्यावरण और जीवनजन्तु की समस्याओं को जोकि मानव की प्राकृति के विरुद्ध जोन से, तकनीकी नवनिर्माणों से, संसाधनों के विकास की प्रक्रियाओं से मानव बसने के तरीकों से, उर्जा के उत्पादन, आर्थिक और औद्योगिक उतार चढ़ाव अथवा मानव द्वारा किये गये कार्ये से पर्यावरण के बदलाव या फिर प्राकृतिक कारणों से।
4. तकनीकी नवनिर्माण और पर्यावरण हस्ताक्षेप के सम्भावित हानिकारक प्रभावों को मापने के लिये एक विश्वविख्यात निरीक्षण नेटवर्क का रखरखाव जिससे संशोधन के तरीके बनाये जा सकें।
5. तकनीकी और पर्यावरण विश्लेशणों और आँकन के आधार पर सुझाव तैयार करना जो कि विश्वप्रशासन, शोध और योजना की एजेनसी व विश्व सरकार के अन्य अंगों, विभागों और एजेन्सियों के लिये, विश्व सरकार की सेवा में लगे वक्तियों और राष्ट्रीय और स्थानीय सरकारों और कानूनी संस्थाओं के लिये एक मार्गदर्शक बनना।
6. व्यक्तिगत और सार्वजनिक विश्वविद्यालयों, कालेजों, शोध, संस्थाओं और अन्य समूहों और संस्थाओं को तकनीकियों और पर्यावरण आँकने के लिये उनकी स्वयंसेवी या इकरनामा सहायता और प्रतिभाग करने के लिये तैयार करना।
7. व्यक्तिगत और सार्वजनिक विश्वविद्यालयों, कालेजों, शोध, संस्थाओं और अन्य समूहों और संस्थाओं को स्वयंसेवी या इकरारनामा सहायता और प्रतिमभाग के लिये तैयार करना जिससे एसे नये विकासशील तरीकों को निकालना जोकि हानिकारक या संकटमय तकनीकियों और पर्यावरण को हानि पहुँचाने वाली गतिविधियों पर रोक लगा सकें और उनको नियन्त्रित करने के लिये लाभदायक तकनीकों को निकालना जोकि तकनीकी नवीनमाणें और पर्यावरण में बदलाव से होने

वाले हानिकारक परिणामों को दूर करना, यह सभी विश्व संसद द्वारा बनाये गये कानून के अर्न्तगत लागू करना।

8. तकनीकी और पर्यावरण आँकने की एजेन्सी की देखरेख एक वरिष्ठ प्रशासन और मंत्रीमण्डल मंत्रों या उप राष्ट्रपति के अतिरिक्त 10 सदस्य आयुक्त द्वारा की जायेगी। इस आयुक्त परिषद में एक आयुक्त होगा जोकि 10 विश्व निर्वाचन और प्रशासनिक मैग्ना क्षेत्रों में से हर एक में से एक होगा। यह व्यक्ति जोकि आयुक्त होंगे उनका नामांकन काउन्सिलरों की सभा से होगा और फिर उनकी नियुक्ति विश्व प्रेसीडियम द्वारा 5 वर्ष के सत्र के लिये की जायेगी। आयुक्त क्रमिक सत्रों के लिये सेवा कर सकते हैं।

<u>वर्ग जी : विश्व वित्तीय प्रशासन</u>

विश्व वित्तीय प्रशासन में निम्न सम्मिलित होंगे किन्तु इन तक सीमित नहीं रहेंगें :-

1. विश्व सरकार के लिये राजस्व जमा करने की प्रक्रियाओं को स्थापित करना और उन्हें कार्यान्वित करना, विश्व संसद द्वारा दिये गये कानून के तहत, करों को मिलाकर, विश्व में खाते अनुसार सामाजिक और सार्वजनिक खर्चे, लाइसेन्स, फ़ीस, राजस्व बाँटने की व्यवस्थाएँ, अन्तरराष्ट्रीय सार्वजनिक उद्योग, योजनाएँ, संसाधन विकास व अन्य सभी स्त्रोत।
2. एक गृह खाता कार्यालय चलाना और उसके बाद ख़र्चे/फायदे या लाभ अध्ययन और विश्व सरकार की प्रणालियों और गतिविधियों की रपट लिखना और उसके विभिन्न अंगों, विभागों, शाखाओं, ब्यूरो, कार्यालयों, आयुक्तों, संस्थाओं, एजेन्सियों व अन्य अंगों और योजनाओं की रपट बनाना। इस प्रकार के अध्ययन और रपट बनाने में, सीधे वित्तीय खर्चों और लाभों को ही नहीं देखा जायेगा बल्कि मानवीय, सामाजिक, पर्यावरण, घुमावदार, लम्बे समय के अन्य खर्चे और लाभ व असली और आशंकित खतरों और हानियों को घ्यान में रखा जायेगा। ऐसे अध्ययन और रपट यह भी घ्यान में रखेंगी कि कितना पैसा इत्यादि बेकार दुरुपयोग, गलत सोच, समझ, धाँधले, बेकार के खर्च इत्यादि व अन्य सम्भावित अनियतमों से रोकना।
3. विश्वसंसद की किसी भी सभा या संस्था के अनुरोघ पर, प्रेसीडियम, कार्यपालक मंत्रीमण्डल, विश्व ओमबड्समस, विश्व attorney जनरल के कार्यालय, विश्व उच्चतम् न्यायलय व किसी भी प्रशासनिक विभाग अथवा integrative complex की एजेन्सी के अनुरोघ व अपने ही इरादे से खर्चा/लाभ का अध्ययन और रपट बनाना।
4. एक गृह कम्पट्रोलर कार्यालय को चलाना व विश्व सरकार की जमा पूँजी के वितरण की हर कार्य के लिये देख रेख करना, उन परियोजनाओं और गतिविधियों की जिन्हें विश्व संविघान की स्वीकृति प्राप्त हो, विश्व संसद, विश्व कार्यपालक व अन्य अंग, विभाग और विश्व सरकार की एजेन्सियाँ।
5. यह गृह बैकिंग व्यवस्था को स्थापित लागू करना जिसका अगला कदम होगा एक सर्वत्र विश्व मुद्रा जोकि विश्व संसद द्वारा पारित विशिष्ट कानून से स्वीकुत हो।
6. विश्व संसद द्वारा पारित विशिष्ट कानून के अर्न्तगत और गृह बैकिग व्यवस्था के साथ, गृह मानिटरी और क्रेडिट व्यवस्था द्वारा पारित प्रक्रियाओं की स्थापना और उनको लागू करना जोकि सामान और सेवा दोनों में उपयोगी, उत्पादन क्षमता पर आधारित होगा। यह मानिटरी और क्रैडिट व्यवस्था ऐसा बनाया गया है कि यह गृह बैंकिंग व्यवस्था के अर्न्तगत उपयोग हो और विश्व

सरकार के कार्यों और गतिविधियों के वित्त में काम आये व अन्य सभी वित्तीय कार्यों हेतु जिन्हें विश्व संसद की स्वीकृति प्राप्त हो व बांड, जमा योजना और अन्य प्रकार के वित्तीय स्वामित्व व कर्ज़ के ब्याज की आवश्यकता न पड़े।

7. वित्तीय उधार के लिये एक मापदण्ड बनाना जैसे कार्य करने योग्य व्यक्ति, उपयोगिता, खर्च/लाभ, खाते, मानवीय और सामाजिक गुण, पर्यावरण स्वास्थय, खूबसूरती, ऊँच नीँच का भेदभाव कम करना, सम्मान, योग्य और कुशल प्रबन्घ, उचित तकनीक, उत्पादन क्षमता और प्रदर्शन।
8. विश्व संसद के द्वारा पारित किये कानून के अनुसार, राष्ट्रीय सीमाओं को पार करते हुये, विश्व में आवश्यकतानुसार क्षेत्रों में एक गृह बीमा व्यवस्था को स्थापित करना और कार्यान्वित करना।
9. विश्व सरकार को चलाने के लिये, प्रसीडियम की सहायता करना,बजेट की तकनीकी तैयारी करना, बजेट की तकनीकी तैयारी करने के अनुरोघ पर।
10. विश्व वित्तीय प्रशासन की देखरेख एक 10 सदस्यीय आयुक्त परिषद द्वारा होगा साथ ही में एक वरिष्ठ प्रशासनिक और एक मंत्रीमण्डल मंत्री अथवा उपराष्ट्रपति होंगे। आयुक्त परिषद में 10 सदस्यों में से हर एक आयुक्त का नाम जनता की सभा, देशों की सभा, काउन्सिलरों की सभा, प्रेसीडियम, विश्व न्यायमूर्तियों के collegium (समूह), attorney जनरल के कार्यालय, विश्व ओमबड्समस, शोध और योजना एजेन्सी, तकनीकी और पर्यावरण आंकने की एजेन्सी, सरकारी प्रक्रियाओं और विश्व समस्आओं के संस्थान द्वारा किया जायेगा। आयुक्तों का सेवाकाल 5 वर्ष का होगा और ये क्रमिक रूप से सत्रों में सेवारत रह सकते हैं।

<u>वर्ग एच : कानूनी समीक्षा आयुक्त</u>

1. कानूनी समीक्षा आयुक्त के कार्य होंगे विश्व कानून और विश्व विधि का निरीक्षण जो कि विश्व संसद द्वारा पारित हों अथवा पिछली अर्न्तराष्ट्रीय कानून व्यवस्था द्वारा अपनाए गये हों जिसका मकसद होगा कि पिछले अर्न्तराष्ट्रीय कानून का विश्लेशण करें कि यह पुरानी व्यवस्था आज के संदर्भ में कितनी उपयोगी है व कहं इसने अपनी उपयोगिता खोई तो नहीं है और कहाँ तक अब यह वे कार्य करने में सफ़ल होगी जिसके लिये बनायी गयी है। इसके तहत इस आयुक्त का कार्य होगा कि विश्व संसद को अपने सुझाव और सिुारिशें प्रस्तुत करे कि किसी कानून को हटाएँ, सुधार करें अथवा दूसरे कानून को उसकी जगह लगाएँ।
2. कानूनी समीक्षा के आयुक्त में 12 सदस्य होंगे जिनमें से 2 जनता की सभा से होंगे, 2 देशों की सभा से, 2 काउन्सिलरों की सभा से, 2 विश्व न्यायमूर्तियों के समूह (collegium) से, विश्व ओमबड्समस से और प्रेसीडियम से। आयुक्त के सदस्य 10 वर्ष के कार्यकाल के कार्यकाल के लिये सेवा करेंगे और फिर क्रमिक रूप से अगले सत्रों में फिर से निर्वाचित घोषित किये जा सकते हैं। आयुक्त के आघे सदस्य आयुक्त के पहले बनने के बाद हर 5 वर्ष के बाद निर्वाचित किये जायेंगे और आघे सदस्यों का पहला संत्र केवल 5 वर्ष का ही होगा।

अनुच्छेद-9 विश्व उच्चतम न्यायालय की अधिकारिता या क्षेत्राधिकार

वर्ग ए : विश्व उच्चतम न्यायालय की अधिकारिता या क्षेत्राधिकार

1. एक विश्व उच्चतम न्यायालय की स्थापना की जोयगी, साथ में ऐसे क्षेत्रीय और जनपद विश्व न्यायालयों के आवश्यकतानुसार स्थापित किया जायेगा। विश्व उच्चतम न्यायालय के अर्न्तगत कई बेन्चें होंगी।
2. इस विश्व उच्चतम न्यायालय में ऐसे क्षेत्रीय और जनपद विश्व न्यायालयों की स्थापना के साथ विश्व संविधान के प्राविधानों से जुड़ कानूनी झगड़े (litigation) सांविधिानिक अर्थ, सिविल और मानवीय अधिकारों की गारन्टी (आश्वासन), सिविल मुकदमें, कानून के उल्लंघन, झगड़े मतभेद, कार्य व सभी प्रकार के मुकदमों का मैण्डैटरी कार्यक्षेत्र रहेगा और जिस कानूनी संस्था की स्वीकृति विश्व संसद ने दी हो।
3. विश्व उच्चतम न्यायालय के निर्णय उन सभी दलों पर लागू होंगे जोकि सभी मुकदमों में शामिल होंगी, उन कार्यो और कानूनी मुकदमों में जोकि विश्व उच्चतम न्यायालय की किसी भी बेन्च के सामने पेश किये जाते हैं। विश्व उच्चतम न्यायालय की प्रत्येक बेन्च उच्चतम अपील का न्यायालय होगी सिवाय उन किस्सों के जो कि विशेष सार्वजनिक महत्व के होंगे, जोकि विश्व उच्चतम न्यायालय के मोहकमा अदालत को सोंपे जायेंगे जैसा कि 'अनुच्छेद 9' के 'सेक्शन ई' में दिया गया है।

वर्ग बी : विश्व उच्चतम न्यायालय की न्यायपीठें

1. मानवीय अधिकारों की बेन्च :- विश्व संविधान के अनुच्छेद 13 के प्राविधानों में सिविल और मानवीय अधिकारों की गारण्टी के तहत मानवीय अधिकारों के मुद्दे से सम्बन्धित और इस विश्व संविधान के अनुच्छेद 13 में दिये प्राविधानों से सम्बन्धित और विश्व कानून व विश्व कानून संस्था के अर्न्तगत अन्य केस जो कि विश्व संसद द्वारा स्वीकृत हों।
2. अपराधिक मामलों की न्यायपीठ :- उन विषयों से जूझने के लिये जो जो कि विश्व कानून और विश्व न्याय के उल्लंघन व्यक्तियों, कारपोरेशनों, समूहों और ऐसोसियेशनों द्वारा किये जाते हैं किन्तु विषयों से नहीं जोकि मूलत: मानवीय अधिकारों से सम्बन्धित हों।
3. सिविल मामलों की न्यायपीठ :- उन विषयों को समझने के लिये जो कि सिविल मुकदमों और व्यक्तियों, कार्पोरेशनों, समूहों और एसोसिएशनों से सम्बन्धित हों विश्व न्याय और विश्व कानून और प्रशासन के अर्न्तगत आने वाले।
4. संविधानिक मामलों की न्यायपीठ :- विश्व संविधान के व्याख्यान से व उन विषयों और कार्यो से जो कि विश्व संविधान के व्याख्यान सेसम्बन्धित हो।
5. अर्न्तराष्ट्रीय विवादों की न्यायपीठ :- उन देशों के बीच विवादों, झगड़ों और न्याय स्पर्धा जिन्होंने धरती की संधीयता स्वीकार की है।
6. सार्वजनिक मामलों की न्यायपीठ :- उन झगड़ों, विवादों, सिविल मुकदमों व अन्य न्याय स्पर्धाओं से निपटना जोकि विश्व सरकार और कार्पोरेशन, समूहों या व्यक्तियों के बीच हो, या राष्ट्रीय सरकारों और कार्पोरेशनों, समूहों या व्यक्तियों के बीच हों जिसमें विश्व न्याय व्यवस्था व विश्व कानून का दखल हो और किसी अन्य न्यायपीठ के क्षेत्र से परे हो।
7. एपीलेट न्यायपीठ :- यह उन विषयों को सुलझाने के लिये है जो कि विश्व न्याय व्यवस्था और विश्व कानून से सम्बन्धित हों और जिनकी अपील राष्ट्रीय न्यायलय से की जा सकती हो और

इस बात का निर्णय लेना कि किस न्यायपीठ को मामला या कार्य सौंपा जाये यदि उसके अधिकार क्षेत्र पर मतभेद हो अथवा प्रश्नचिन्ह हो।

8. सलाह न्यायपीठ :-विश्व विधि या विश्व न्याय व्यवस्था से कोई न्याय सम्बन्धित प्रश्न उठने पर अनुरोध पर अपना मत देना उन स्पर्धाओं और कार्यों के अलावा जो कि विश्व संविधान के व्याख्यान से जुड़े हों। सलाह पूर्ण मत का विश्व संसद की किसी भी सभा अथवा कमेटी के, प्रेसीडियम के, किसी प्रशासनिक विभाग के, विश्व अर्टनी जरनल के कार्यालय के विश्व ओमबड्समस के अथवा इन्टीग्रेटिव काम्प्लेक्स के द्वारा अनुरोध किया जा सकता है।
9. अन्य न्यायपीठों की स्थापना की जा सकती है, जोड़ा या विश्व न्यायमूर्तियों के कालेजियम की सिफारिशों पर समाप्त किया जा सकता है जिसमें विश्व संसद की स्वीकृति हो किन्तु पहले से 8वें अंक की न्यायपीठों को नहीं जोड़ा अथवा समाप्त किया जा सकता है सिवाए जब तक विश्व संविधान में संशोधन न हो।

वर्ग सी : विश्व उच्चतम न्यायालय के आसन

1. विश्व उच्चतम न्यायालय की प्राइमरी सीट (आसन) वही होगा जो कि प्राइमेरी विश्व राजधानी का होगा और विश्व संसद और विश्व कार्यपालक का स्थान होगा।
2. विश्व उच्चतम न्यायालय की महाद्विपीय सीटों की स्थापना 4 विश्व सरकार सैकेन्डरी राजधानियों में होगी जो कि धरती के 4 विभिन्न महाद्विपीय खण्डों में, अनुच्छेद 15 के प्राविधान के अनुसार होंगे।
3. विश्व उच्चतम न्यायालय की निम्न स्थायी न्यायपीठें दोनों प्राइमेरी सीट पर व प्रत्येक महाद्विपीय सीटों पर स्थापित की जाएँगी :- मानवीय अधिकार, अपराधिक मामले, सिविल मामले और सार्वजनिक मामले।
4. विश्व उच्चतम न्यायालय की निम्न स्थायी न्यायपीठें केवल विश्व उच्चतम न्यायलय की प्राइमरी सीट पर स्थापित की जायेगी। सांविधानिक मामले, अर्न्तराष्ट्रीय झगड़े, ऐपीलेट न्यायपीठ और सलाह न्यायपीठ।
5. जो न्यायपीठें स्थायी रूप से केवल विश्व रूप से केवल विश्व उच्चतम न्यायालय की प्राइमेरी सीट पर स्थापित हैं कि विश्व उच्चतम न्यायालय की अन्य महाद्विपीय सीटों पर आवश्यकतानुसार विशेष सत्र रख सकती हैं अथवा महाद्विपीय घेरे आवश्यकता पड़ने पर बना सकती हैं।
6. विश्व उच्चतम न्यायालय की वे न्यायपीठें जिनके स्थायी स्थल हों वे अन्य स्थलों में आवश्यकता पड़ने पर विशेष सत्र रख सकती हैं या क्षेत्रीय घेरे यदि आवश्यकता हो तो बना सकती है।

वर्ग डी : विश्व न्यायधीशों का समूह

1. विश्व संसद द्वार विश्व न्यायमूर्ति के एक कालेजियम की स्थापना की जायेगी। इसका ..... में न्यूनतम 20 सदस्यीय न्यायमूर्ति रहेंगे जो कि आवश्यकतानुसार बढ़ाए जा सकते हैं किन्तु 60 सदस्यों से अधिक नहीं होंगे।
2. विश्व न्ययायमूत्रियों के का .....में गिने जाने वाले विश्व न्यायमूर्तियों का नामांकन काउन्सिलरों की सभा द्वारा किया जायेगा और वे प्लूरेलिटी मतदान द्वारा निर्वाचित किये जायेंगे जो कि विश्व संसद की तीनों सभाओं के संयुक्त सत्र द्वारा होगा। हर 10 विश्व निर्वाचन और प्रशासनिक मैग्ना क्षेत्रों से बराबर संख्या के विश्व न्यायमूर्ति निर्वाचित होंगे, यदि तुरन्त नहं तब घुमाव से।

3. एक विश्व न्यायमुर्ति का कार्यकाल 10 वर्षो का होगा। क्रमिक रूप से वे असीमित काल के लिये सेवा प्रदान कर सकते हैं।
4. विश्व न्यायमूर्तियों का का ..... एक विश्व न्यायमूर्तियों के अध्यक्षीय सीमित (प्रिसाइडिन्ग काउन्सिल) का निर्वाचन करेंगे जिसमें कि एक मुख्य न्यायघीश और 4 अतिरिक्त (असोसियेट) न्यायधीश होंगे। धरती के 5 महाद्विपीय खण्डों में से हर एक से एक सदस्य विश्व न्यायमूर्तियों की अध्यक्षीय समिति के लिये चुना जायेगा। अध्यक्षीय समिति के सदस्यीय विश्व न्यायमूर्ति अध्यक्षीय समिति में 5 वर्षो के सेवा काल प्रदान करेंगे व 2 क्रमिक सेवाकाल प्रदान कर सकते हैं किन्तु 2 बार क्रमिक रूप से मुख्य न्यायधीश के पद पर नहीं।
5. विश्व न्यायमूर्तियों के अध्यक्षीय काउन्सिल सभी विश्व न्यायमूर्तियों को, अपने आप को मिलाकर, विश्व उच्चतम न्यायालय की कई न्यायपीठों को सौंप देंगे। एक बैठक के लिये एक न्यायपीठ में प्रत्येक स्थल पर न्यूनतम तीन विश्व न्यायमूर्ति होंगे, सिवाए इसके कि विश्व न्यायमूर्तियों की संख्या महाद्विपीय मामलों और अर्न्तराष्ट्रीय झगड़ों की न्यायपीठों के लिये और ऐपीलेट न्यायपीठ के लिए 5 से कल नहीं होंगे।
6. सदस्यीय न्यायमूर्ति प्रत्येक स्थल की हर न्यायपीठ के लिये हर न्यायपीठ हर साल एक अध्यक्षीय न्यायमूर्ति का चुनाव करेंगे जो कि 2 क्रमिक सत्रों में भी सेवा कर सकता है।
7. विश्व न्यायमूर्तियों की अध्यक्षीय समिति के निर्णय के आधार पर इच्छानुसार अथवा आवश्यकतानुसार समय समय पर कई न्यायपीठों के सदस्यों को दोबारा निर्माण किया जा सकता है। किसी न्यायपीठ का पुन: निर्माण करने के निर्णय को विश्व न्यायमूर्तियों के पूर्ण कालेजियम के मत के लिये भेज दिया जायेगा यदि कोई विश्व न्यायमूर्ति का अनुरोध हो।
8. कोई भी न्यायमूर्ति विश्व उच्चतम न्यायालय के पद से कारणवश दो तिहाई बहुमतों के मतदान से विश्व संसद की 3 सभाओं द्वारा नियुक्त सत्र में हटाया जा सकता है।
9. विश्व उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्तियों की योग्यता कम से कम 10 साल के विधि अथवा कानूनी तजुर्बे, न्यूनतम आयु 10 साल के विधि अथवा कानूनी तजुर्बे, न्यूनतम आयृ 30 वर्ष व प्रमाणित योग्यता विश्व कानून और मानवीयता की होनी चाहिये।
10. विश्व न्यायमूर्तियों की आय, खर्चे, अन्य लाभ व सुविधाएँ विश्व संसद द्वारा निर्धारित की जाएँगी और हर 5 वर्षो में उनकी समीक्षा होगी, किन्तु कार्यकाल में यह किसी भी विश्व न्यायमूर्ति के लाभ के विपरीत नहीं बदली जा सकती हैं। विश्व न्यायमूर्तियों के कालीजियम के सभी सदस्यों का बराबर वेतन होगा सिवाय वह अतिरिक्त भाड़ा जो कि विश्व न्यायमूर्तियों की अध्यक्षीय समिति को मिलेगा।
11. विश्व न्यायमूर्तियों के कालीजियम की सिफारिशों पर विश्व संसद को यह अधिकार होगा कि वह क्षेत्रीय और जनपदीय न्यायालयों की स्थापना विश्व उच्चतम न्यायालय के अधीनस्थ करें व उनके कार्य क्षेत्र निर्धारित करें व विश्व उच्चतम न्यायालय अथवा विभिन्न न्यायपीठों को अपील करने की प्रक्रियाएँ निर्धारित करे।
12. विश्व उच्चतम न्यायालय, विश्व न्यायमूर्तियों का कालेजियम, व विश्व उच्चतम न्यायालय की प्रत्येक न्यायपीठ के संचालन की प्रक्रियाओं के नियम विश्व न्यायमूर्तियों के कालेजियम के पूर्ण बहुमत द्वारा निर्णित व संशोधित किये जाएँगे।

वर्ग ई : विश्व उच्चतम न्यायालय का उच्च की मोहकमा अदालत

1. जिन मामलों की जनता के लिये विषेश महत्वता है उनके लिये एक मोहकमा अदालत स्थापित किया जायेगा। एक कैलण्डर वर्ष के लिये मोहकमा अदालत एक विश्व न्यायमूर्तियों की अध्यक्षीय समिति, एक विश्व न्यायमूर्ति जिसका नाम विश्व न्यायालय की हर न्यायपीठ के अघ्यक्षीय न्यायमूर्ति द्वारा दिया जायेगा जोकि विश्व उच्चतम न्यायालय की प्राइमरी सीट पर होगा द्वारा गठित होगा। मोहकमा अदालत की रचना लगातार दूसरे वर्ष बिना बदले चल सकती है यदि यह निर्णय विश्व न्यायमूर्तियों की अघ्यक्षीय समिति का हो।
2. किसी विवाद, विषय, मामले या झगड़े की कोई भी पार्टी जोकि विश्व उच्चतम न्यायालय की किसी विशेष न्यायपीठ अथवा विश्व न्यायमूर्तियों की अध्यक्षीय समिति के समक्ष अर्जी भेज सकते हैं कि उनका मामला, अद्वितीय सार्वजनिक महत्व की वजह से मोहकमा अदालत को सौंपा जाए या उसके पास ट्रांस्फर किया जाए। यदि वह अर्जी मान ली जाती है, तब वह मामला मोहकमा अदालत द्वारा सुना जाएगा और फैसला करके निपटाया जाएगा। इसके अलावा यदि कोई भी न्यायपीठ किसी भी न्यायपीठ किसी भी विशेष मामले को, अद्वितीय सार्वजनिक महत्व का समझते हुए अपने फैसले पर मोहकमा अदालत को मामले का स्थानान्तरण कर सकते हैं।

अनुच्छेद-10 प्रवर्तन प्रणाली

वर्ग ए : प्रारम्भिक नियम

1. विश्व कानून और विश्व न्याय व्यवस्था सीधे तरीके से व्यक्ति पर लागू होगी और व्यक्ति विश्व कानून और विश्व न्याय के पसलन के लिये उत्तरदायी होंगे चाहें व अपनी क्षमता के अनुसार या एजन्ट की तरह या सरकारी अधिकारियों की है सियत से किसी भी स्तर पर या सरकारी संस्थानों से, या कार्पोरेशनों, संस्थाओं, संगठानों या किसी भी प्रकार के समूहों के एजन्ट या अधिकारियों की तरह।
2. जब विश्व कानून या विश्व न्याय या विश्व न्यायालयों के निर्णयों का उल्लंघन होता है, तब प्रवर्तन प्रणाली कार्यवाही करती है कि उन व्यक्तियों को पहचाने और पकड़े जो इन उल्लंघनों के जिम्मेदार हैं।
3. कोई भी प्रवर्तन कार्य इस संविधान द्वारा सिविल और मानवीय अधिकारों की गारण्टी का उल्लंघन नहीं करेगा।
4. विश्व कानून और विश्व विधि व्यवस्था का प्रवर्तन उस सूरत में कार्य करेगी जब कि एक सैन्यरहित विश्व संघ हो जिसमे सारे सदस्यीय देश निरस्त्र हो जाएँ और इस सूरत में ही विश्व संघ में सम्मिलित हो सकें व इसका लाभ उठा सकें जैसा कि अनुच्छेद 17, सेक्शन सी-8 और सेक्शन डी-6 में दिया गया है। धरती का संघ और विश्व सरकार इस विश्व सरकार इस विश्व संविघान के अर्न्तगत न तो रखेंगे न ही बड़े पैमाने पर विनाश के हथियारों का प्रयोग करेंगे।
5. प्रवर्तन प्रणाली के जिन एजेन्ट का कार्य विश्व कानून और विश्व विधि व्यवस्था के उल्लंघनकर्ता को पकड़ना और कानून तक पहुँचाना है उन्हें उतने ही हथियारों से लैस किया जाएगा जोकि कानून तोड़ने वालों को पकड़ने में प्रयोग हों।

6. विश्व कानून और विश्व विधि व्यवस्था का प्रवर्तन इस विश्व कानून द्वारा एसे संजोया और विकसित किया जायेगा जिससे कि प्रभावशाली ढंग और विश्व कानून और विश्व विधि व्यवस्था प्रशासन धरती के लोगों की भलाई को घ्यान में रखते हुए, सभी के लिये समानता और न्याय, जिसमें धरती के संसाधनों का और जमापूँजी का और विश्व सरकार से लिए उधार को शान्तिपूर्ण ढंग से मानवीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उपयोग किए जाएँगे और इनका उपयोग बड़े पैमाने पर विनाश के हथियारों के लिए व युद्ध के लिए नहीं होगा।

वर्ग बी : प्रवर्तन की रूपरेखा : विश्व अटर्नी जनरल

1. प्रवर्तन प्रणाली का प्रधान विश्व अटर्नी जनरल का कार्यालय होगा और क्षेत्रीय विश्व अटर्नियों का आयुक्त मंडल होगा।
2. विश्व अटर्नी जनरल के कार्यालय में 5 सदसय होंगे, जिनमें से एक विश्व अटर्नी जनरल व अन्य सह (associate) विश्व अटर्नी जनरल कहलाएँगें।
3. क्षेत्रीय विश्व अटर्नियों के आयुक्त मण्डल में 20 क्षेत्रीय विश्व अटर्नी होंगे।
4. विश्व अटर्नी जनरल के कार्यालय के सदस्यों का नामांकन काउन्सिलरों की सभा द्वारा किया जाएगा जिनमें से 3 नामांकन धरती के प्रत्येक महाद्वीपीय खण्ड से होंगे। 5 महाद्विपीय खण्ड से हर एक से कार्यालय के एक सदस्य का चुनाव होगा और यह चुनाव प्लूरैलिटी मत द्वारा विश्व संसद की 3 सभाओं के संयुक्त संत्र में होगा।
5. विश्व अटर्नी जनरल के कार्यालय के एक सदस्य का कार्यालय 10 वर्ष का होंगा। एक सदस्य 2 क्रमिक सत्रों में सेवा प्रदान कर सकता है। विश्व अटर्नी जनरल का पद हर 2 वर्षो में कार्यालय के 5 सदस्यों मे चक्र काटेगा। चक्र का हिसाब कार्यालय के 5 सदस्यों द्वारा निर्धारित किया जाएगा। प्रदान कर सकता है। विश्व अटर्नी जनरल का पद हर 2 वर्षो में कार्यालय के 5 सदस्यों मे चक्र काटेगा। चक्र का हिसाब कार्यालय के 5 सदस्यों द्वारा निर्धारित किया जाएगा।
6. विश्व अटर्नी जनरल का कार्यालय 20 क्षेत्रीय विश्व अटर्नियों के आयुक्त मण्डल के सदस्यों का नामांकन करेगा जो कि 20 निर्वाचन और प्रशासनिक क्षेत्रों से होंगे और जिनमें हर क्षेत्र से 2 से 3 के बीच नामांकनों से विश्व संसद की 3 सभाओं के संयुक्त सत्र में एक क्षेत्रीय विश्व अटर्नी जनरल का नुनाव होगा उन 20 क्षेत्रों से। क्षेत्रीय विश्व अटर्नी 5 वर्ष के कार्यकाल में सेवा प्रदान करेंगे और वे 3 क्रमिक कार्यकाल में सेवारत रह सकते हैं।
7. प्रत्येक क्षेत्रीय विश्व अटर्नी के एक कार्यालय को सम्भालेंगे और उसका आयोजन करेंगे। प्रत्येक सह (associate) विश्व अटर्नी जनरल क्षेत्रीय विश्व अटर्नियों के पाँचों कार्यालयों की देखभाल करेंगे।
8. जो कार्यकर्ता प्रवर्तन के कार्य के लिए रखे जाएँगे, व विश्व अटर्नी जनरल के कार्यालय के पाँचों सदस्यों और 20 क्षेत्रीय अटर्नी जनरलों के अतिरिक्त, सिविल सेवा सूची में से चयनित किये जाएँगे और निम्न कार्यो के लिए आयोजित किये जाएँगे।
    1. छानबीन
    2. पकड़ना और गिरफ्तार करना
    3. अभियोजन
    4. इलाज और संशोधन
    5. झगड़े का निवारण

9. विश्व अटर्नी जनरल के कार्यालय के सदस्य और क्षेत्रीय विश्व अटर्नियों के लिए योग्यता न्यूनतम 30 वर्ष की आयु और कम से कम 7 वर्षों का कानून का अनुभव और विधि की व अन्य विषयों की पढ़ाई। विश्व अटर्नी जनरल, सह-विश्व अटर्नी जनरल और क्षेत्रीय विश्व अटर्नियों को हर समय विश्व संसद का उत्तरदायित्व होगा।
10. विश्व अटर्नी जनरल के कार्यालय का कोई भी सदस्य और कोई भी क्षेत्रीय विश्व अटर्नी के कार्यालय की कारणवश विश्व संसद की तानों सभाओं के संयुक्त सत्र में सीधे बहुमत मतदान से हटाए जा सकते हैं।

वर्ग सी : विश्व पुलिस

1. वश्व अटर्नी जनरल के कार्यालय के कार्यकर्ता और क्षेत्रीय विश्व अटर्नियों के कार्यालय का वह सेक्शन जो विश्व विधि और विश्व कानून के उल्लंघन करने वालों को पकड़ता और गिरफ्तार करता है, वह विश्व पुलिस कहलाएगा।
2. विश्व पुलिस के प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यकर्ता की प्रधानता एक क्षेत्रीय विश्व पुलिस कप्तान के हाथ मे होगी जो कि क्षेत्रीय विश्व अटर्नी द्वारा नियुक्त किया जाएगा।
3. विश्व अटर्नी जनरल का कार्यालय एक विश्व पुलिस निरीक्षक नियुक्त करेगा जोकि उन गतिविधियों को सम्भालेगा जाकि क्षेत्रीय सीमाओं को पार करेगी। विश्व पुलिस निरीक्षक (supervisor) क्षेत्रीय विश्व पुलिस कप्तानों के कार्यों का निर्देशन करेगा जिनको संचालन या संयुक्त कार्य की आवश्यकता हो जो क्षेत्रीय सीमाओं को पार करता हो और विश्व अटर्नी जनरल के कार्यालय के निर्देशन और आगे बढ़ाये हुए कार्यों को पूरी तरह कार्यान्वित करेगा।
4. विश्व पुलिस द्वारा की गई छानबीन और गिरफ्तारी केवल विश्व अटर्नी जनरल या क्षेत्रीय विश्व अटर्नी दिये गये (warrant) के आधार पर होगी।
5. विश्व पुलिस को उतने ही हथियारों से लेस किया जाएगा जितने की कानून तोड़ने वाले व्यक्तियों को पकड़ने में काम आयें।
6. विश्व पुलिस कप्तानों और विश्व पुलिस निरीक्षकों (supervisors) के पदों की नियुक्ति 10 वर्ष तक सीमित रहेगी।
7. विश्व पुलिस निरीक्षक (supervisor) और कोई भी क्षेत्रीय विश्व पुलिस कप्तान को कारणवश, विश्व अटर्नी जनरल के कार्यालय के निर्णय पर विश्व संसद की तीनों सभाओं के संयुक्त सत्र में पूर्ण बहुमत मतदान से हटाया जा सकता है।

वर्ग डी : प्रवर्तन के साधन

1. विश्व अटर्नी जनरल के कार्यालयों द्वारा क्षेत्रीय विश्व अटर्नियों के आयुक्त मण्डल, विश्व न्याय मूर्तियों के कालिजियम, विश्व प्रेसीडियम और विश्व ओमबड्समस की सलाह से विश्व कानून और विश्व विधि व्यव्स्था के प्रवर्तन के सैन्य साधनों को विकसित करेगा। प्रवर्तन के असली साधनों के लिए विश्व संसद द्वारा विश्व कानून व्यवस्था की आवश्यकता पड़ेगी।
2. प्रवर्तन के विकसित किये जाने वाले सैन्यरहित साधन निम्न हो सकते हैं : वित्तीय उधार की मनाही, मटीरियल संसाधनों और कार्यकर्ताओं की मनाही, जाइसेन्स खत्म करना, चार्टर या कार्पोरेटर अधिकारों को खत्म करना, समान का ज़ब्त होना, जुरमाने या नुकसान का हरजाना भरवाना, नुकसान के बदले में मेहनत करवाना, बन्दगी या अकेले रखना व अन्य साधन जोकि विशिष्ट स्थितियों के अनुसार हों।

3. आशंकित व सचमुच के दंगों की स्थितियों से निपटने, सशस्त्र हिंसा जूझने के लिये विश्व संसद और विश्व अटरनी जनरल का कार्यालय विशेष योजनाबद्ध कार्यक्रम व प्रढ़ालियाँ विकसित करेगा जिसमें क्षेत्रीय विश्व अटर्नियों के लोकायुक्त, विश्व न्यायमूर्ति के कालिजियम, प्रेसीडियम और विश्व ओमबडसमस की सलाह से इन तरकीबों और प्रणालियों में विश्व संसद को नये कानून बनाने पड़ सकते हैं आवश्यकतानुसार संविधान द्वारा दिये विशेष प्राविधानों के द्वारा।
4. हिंसा भड़कने की रोकथाम के लिये प्रवर्तन प्रणाली एकमूल बात अपनायगी कि हर व्यक्ति अथवा समूह को गैर हिंसात्मक तरीके से न्यायपूर्ण सुनवाई का मौका मिले। जिस किसी व्यक्ति या सूमूह को कोई दुख तकलीफ हो व ऐसा ही निश्पक्ष मौका दिया जाए कि उनके दुख दर्द का न्यायिक फैसला हो सके जिसमें सभी सम्बन्धित व्यक्तियों के अधिकारों और भलाई का उचित सम्मान हो।

अनुच्छेद–11 विश्व ओमबडस्मस

वर्ग ए : विश्व ओमबड्समस के कार्य व शक्तियाँ

जनता के रक्षक के रूप में विश्व ओमबड्समस के कार्य व शक्तियाँ निम्न प्रकार से होगी:

1. धरती के लोगों को वे सारे व्यक्तियों को सर्वत्र मानवीय और सिविल अधिकारियों के, जो कि अनुच्छेद 12 में और इस विश्व संविधान के अन्य सेक्शनों में दिए हैं, खण्डन अथवा उनसे लापरवाह होने से बचाना।
2. विश्व सरकार की किसी एजेन्सी या अधिकारी द्वारा इस विश्व संविधान के खण्डन से धरती के मनूष्यों की सुरक्षा जिसमें निर्वाचित और नियुक्त दोनों किस्म के अधिकारी या सार्वजनिक कार्यकर्ता चाहें वे किसी भी अंग, विभाग, कार्यालय, एजेन्सी अथवा स्थान पर क्यों नहीं, शामिल हैं।
3. इस विश्व संविधान के अनुच्छेद 13 में दिए गए विश्व सरकार के लिए निर्देशक सिद्धान्त (directive principles) को कार्यान्वित (लागू) करने के लिए दबाव डालना।
4. विश्व कानून और विश्व विधि व्यवस्था को कार्यान्वित करना और प्रशासन में लाना, सामाजिक न्याय और ऊँच नीँच की दूरी को कम करने का आश्वासन देते हुए धरती के मनुष्यों की भलाई के लिए कार्य करना।
5. तकनीकी नवनिर्माण और पर्यावरण में दखलअंदाज़ी व अन्य विभ्भिन्न स्त्रोतों से होने वाले मानवीय संकटों (खतरों) से आगाह रहना व इसके सुधार या संकटों की रोकथाम के लिए कदम उठाना।
6. यह देखना कि अच्छे कानून, नियम और विश्व सरकार की प्रणालियों के प्रशासन का परिणाम अनदेखे अन्याय या असमानता तो नहीं है अथवा सरकारी मशीनरी या प्रशासन की बारीकियों में दबाव रह जाए।
7. विश्व ओमबड्समस के क्षेत्र में आने वाले किसी व्यक्ति, समूह, संस्था, संगठन, राजनीतिक संस्था या एजेन्सी की कोई शिकाएतें, दुख-दर्द या सहायता के लिए अनुरोध को ग्रहण करना और सुनना।
8. जहाँ और जैसी विश्व ओमबड्समस की दृष्टि से आवश्यकता हो, सही कानूनी कार्यवाही अथवा न्यायिक प्रक्रिया को शुरु करने के लिए विश्व अटर्नी जनरल के कार्यालय अथवा किसी क्षेत्रीय विश्व अटर्नी से अनुरोध करना।

9. जब भी विश्व ओमबड्समस को आवश्यक लगे, सीधे कानूनी कार्यवाही और न्यायिक प्रक्रिया को सीधे तरीके से शुरु करे।
10. विश्व सरकार के विभागों, ब्यूरो, कार्यालयों, लोकायुक्तों, संस्थानों, अंगों और एजेन्सियों के कार्यों की समीक्षा करना यह जाने के लिए कि विश्व सरकार की प्रणालियों का उद्देश्यानुसार मानवीय भलाई के लए सबसे अच्छे तरीके से पालन हो रहा है कि नहीं और सुधार के लिए सिफारिशें करना।
11. धरती के मनुष्यों के पूर्ण रूप से विश्व संसद को प्रेसीडियम को विश्व ओमबड्समस की गतिविधियों की एक वार्षिक रपट पेश करना जिसमें विधि अनुसार सुझाव दिए हों कि विश्व सरकार की कार्य प्रणाली में सुधार आए।

वर्ग बी : विश्व ओमबड्समस की संरचना

1. विश्व ओमबड्समस की प्रधानता एक विश्व ओमबड्समस समिति के हाथ में होगी जिसमें 5 सदस्य होंगे जिनमें से एक मुख्य विश्व ओमबड्समस कहलाएगा व अन्य सह (associate) विश्व ओमबड्समस कहलाएँगे।
2. विश्व ओमबड्समस समिति के सदस्यों का नामांकन काउन्सिलरों की सभा द्वारा किया जाएगा जिसमें धरती के हर महाद्विपीय खण्ड से 3 नामांकन किए जाएँगे। हर 5 महाद्विपीय खण्डों से एक सदस्य समिति काउन्सिल के लिए विश्व संसद की 3 सभाओं के संयुक्त सत्र में प्लूरैलिटी मत द्वारा निर्वाचित किया जाएगा।
3. एक विश्व ओमबड्समस का कार्यकाल 10 वर्ष का होगा। एक विश्व ओमबड्समस 2 क्रमिक कार्यकालों में सेवारत रह सकता है। मुख्य विश्व ओमबड्समस का पद हर 2 वर्षों में चक्रित किया जाएगा। चक्र का क्रम विश्व ओमबड्समस समिति द्वारा निर्धारित किया जाएगा।
4. विश्व ओमबड्समस समिति की सहायता एक 20 सदस्यीय विश्व अधिवक्ताओं की समिति करेगी। विश्व अधिवक्ता लोकायुक्त के सदस्यों का नामांकन विश्व ओमबड्समस समिति द्वारा 20 विश्व निर्वाचन और प्रशासनिक क्षेत्रों से किये जाएँगे, हर क्षेत्र से 2 से 3 के बीच में नामांकन होंगे। हर 20 निर्वाचन और प्रशासनिक क्षेत्रों से एक विश्व अधिवक्ता निनर्वाचित होगा। विश्व संसद की तीनों सभाओं के संयुक्त सत्र द्वारा एक विश्व अधिवक्ता 5 वर्ष के कार्यकाल में सेवारत रहेंगे और अधिकतम 5 क्रमिक कालों तक सेवा प्रदान कर सकते हैं।
5. विश्व सरकार के मुख्य विश्व कार्यालय की प्राइमरी गद्दी के अलावा विश्व ओमबड्समस समिति 20 क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना करेगी। यह विश्व ओमबड्समस के 20 क्षेत्रीय कार्यालय विश्व अटर्नी के 20 कार्यालयों के (पैशलेल) साथ साथ आयोजित किए जाएँगे।
6. विश्व ओमबड्समस के हर क्षेत्रीय कार्यालय की प्रधानता एक विश्व अधिवक्ता के हाथ में होगी। इन 5 क्षेत्रीय विश्व ओमबड्समस का निरीक्षण (देखरेख) एक सह विश्व ओमबड्समस करेगा।
7. कोई भी विश्व ओमबड्समस कारणवश विश्व संसद की तीनों सभाओं के संयुक्त सत्र में बहुमत मत से पद से हटाया जा सकता है।
8. विश्व ओमबड्समस और विश्व ओमबड्समस के क्षेत्रीय कार्यालयों के कार्यकर्ता सिविल सूची से चयनित और नियुक्त किए जाएँगे।

9. विश्व ओमबड्समस और विश्व ओमबड्समस की योग्यता न्यूनतम 30 वर्ष की आयु, 5 वर्ष का कानूनी अनुभव व विधि की शिक्षा और अन्य काम आने वाली सम्बन्धित शिक्षा होगा।

अनुच्छेद–12 विश्व नागरिक का अधिकार विधेयक या विनिमय पत्र

धरती के संघ के अन्तर्गत आने वाले निवासियों और धरती के नागरिकों के लिए कुछ मूल अधिकार हैं जो कि नीचे परिभाषित किए गये हैं। विश्व संसद, विश्व कार्यपालक व विश्व सरकार के सभी अंगों और एजेन्सियों के लिए इन अधिकारों का सम्मान, लागू करना व प्रवर्तन करना आवश्यक है, साथ में धरती के संघ के सभी सदस्यीय देशों की राष्ट्रीय सरकारों को भी ऐसा ही करना है। यदि इन अधिकारों के खण्डन या लापरवाही से व्यक्तियों या समूहों का हानि होती है, तब वे विश्व ओमबड्समस प्रवर्तन प्रणाली और विश्व न्यायालय के द्वारा अपनी दुख तकलीफे दूर करने के लिए स्वतन्त्र हैं। इन मूल अधिकारों में निम्न सम्मिलित हैं :-

1. धरती के संघ के सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार बिना किसी रंग, रूप, जाति, राष्ट्रीयता, लिंग, धर्म, राजनैतिक गंठबन्धन, जायदाद अथवा सामाजिक स्तर के मतभेद के।
2. धरती के संघ के सभी नागरिकों के लिए समान संरक्षण और विश्व कानून व्यवस्था व विश्व विधि को लागू करना।
3. विचार और आत्मा, प्रेस, लिखावट, संचार, अभिव्यक्ति, सम्पादन, टी.वी. और रेडियो प्रसार, सिनेमा की स्वतन्त्रता सिवाए हिंसात्मक प्रवृत्तियों को हवा देना, सशस्त्र दंगे इत्यादि।
4. जमाव, सेंगठन, संस्था, अर्जी और शान्तिपूण विरोध की स्वतन्त्रता।
5. बिना दबाव के मतदान की स्वतन्त्रता और राजनैतिक संगठन और बिना रोकटोक और भेदभाव के प्रचार प्रसार।
6. धार्मिक मत या कोई धर्म नहीं या धार्मिक भावना को मानने, उस पर अमल करने और उसे आगे बढ़ाने की स्वतन्त्रता।
7. राजनैतिक मत, भवनाएँ या कोई भी राजनैतिक भावना नहीं हो इसका प्रचार करना।
8. खोजबीन, शोध और रपट बनाने की स्वतन्त्रता।
9. बिना पासपोर्ट, वीज़ा या किसी भी तरह के पंजीकरण जो कि देशों के बीच यात्रा करने या देश के अन्दर यात्रा करने में लगाया जाए उसकी जरूरत नहीं है।
10. गुलामी, चपरासीगिरी, ज़बरदस्ती की नौकरी व मजदूरी की रोकथाम।
11. सैन्य conscription पर रोक थाम।
12. झूठमूठ और अनैतिक गिरिफ्तारी, बन्दगी, देश निकाला, तलाशी या ज़ब्त करने स सुरक्षा, तलाशी या गिरफ्तारी के लिए वारेण्ट की आवश्यकता।
13. खोजबीन, गिरफ्तारी, बन्दगी या हवालात में शारीरिक या मानसिक दबाव या दुर्व्यवहार, और दुराचारी या अस्वभाविक सज़ा पर प्रतिबन्ध।
14. हेबिएस कार्पस का अधिकार, कोई एक्स पसेस्ट फक्टो कानून नहीं, कोई दोहरी जेयोपार्डी नहीं, स्वयं इन्क्रिमेशन अथवा अन्य के इन्क्रिमेशन को मना करने का अधिकार।
15. सामान्य शान्ति और सुरक्षा के लिए खतरा बनने वाली व्यक्तिगत फौजों और पैरामिलिट्री संगठनों पर रोकथाम।

16. झूठमूठ के जायदाद ज़ब्त होने की रोकथाम, बिना सही मुवाज़े के अच्छी जगह पर राज्य शक्ति की सुरक्षा।
17. परिवार नियोजन का परिवार नियोजन के मकसदों को पाने के लिए मुफ्त सार्वजनिक सहायता।
18. व्यक्ति, परिवार या संगठन की प्राइवेसी का अधिकार, राजनैतिक नियन्त्रण के लिए निरीक्षण पर रोकथाम।

अनुच्छेद-13 विश्व सरकार के निदेशक सिद्धान्त

विश्व सरकार का यह उददेश्य होगा कि वह धरती के संघ के लिए उसके निवासियों के लिए कुछ अधिकार सुरक्षित रखे, किन्तु इनके सर्वत्र उपलब्धि और प्रवर्तन की फौरन गारन्टी नहीं है। इन अधिकारियों को हम निदेशक सिद्धान्त कह सकते हैं, और विश्व सरकार का यह कर्तव्य होगा कि वह इनके पूर्ण होने और लागू होने के लिए हर सम्भव कदम उठाएगी और उसमें निम्न सम्मिलित होंगे :-

1. सभी के लिए समान रूप से उपयोगी रोजगार जिसमें इतना वेतन या लाभ हो कि मनुष्य आदरपूर्ण जीवन निर्वाह कर सके।
2. कार्य, नौकरी, रोजगार या व्यवसाय के चुनाव में स्वतन्त्रता।
3. मानव जाति द्वारा जमा ज्ञान और सूचना को प्राप्त करने की पूरी सुविधा।
4. सभी के लिए नि:शुल्क और पूर्ण सार्वजनिक शिक्षा जो कि प्री विश्व विद्यालय के स्तर तक होनी चाहिए, सभी व्यक्तियों के लिए एलीमेन्टरी और उच्च शिक्षा जीवन भर प्राप्त करने का समान अवसर, प्रत्येक व्यक्ति या अभिभावक का अधिकार कि वे किसी भी समय कोई निजी शिक्षात्मक संस्था का चुनाव कर सकें।
5. जीवन भर, स्वतन्त्र चुनाव के वातावरण में सभी को नि:शुल्क व सम्पूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य व चिकित्सा देखभाल की उपलब्धि।
6. सभी के लिए आराम के समय का सामान अवसर, कार्य के भार को समाज में ज्यादा अच्छी तरह से वितरण करना जिससे सभी व्यक्तियों को समान रूप से कुछ खाली समय का अवसर मिले।
7. सभी को वैज्ञानिक और तकनीकी खोजों और विकास से उत्पन्न लाभ का आनन्द प्राप्त करने के समान अवसर।
8. सभी के तकनीकी नवनिर्माण और विकास से होने वाली हानियाँ और संकटों से समान रूप से बचाव।
9. प्राकृतिक पर्यावरण का संरक्षण जोकि सारी मानवता की समान रूप से निधि है और जिसकी देख रेख जैसे दूषित वातावरण, जीव जन्तु या हानि से बचाने से जीवन की रक्षा हो सकती है या जीवन के स्तर को गिराने से बचाया जा सकता है।
10. पृथवी के प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण जिससे कि वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों को इस धरती के गृह पर जीवन का आनन्द प्राप्त होता रहे।
11. सभी को प्राप्त घर, खाने पीने की सामग्री, सुरक्षित और पर्याप्त जल पूर्ति, साफ़ और शुद्ध वायु जिसमें आक्सीजन पूर्ति सुरक्षित रहे और ओज़ोन परत बनी रहे, व सामान्यत: पर्यावरण ऐसा रहे कि स्वस्थ जीवन सभी को मिले इस बात का आश्वासन।

12. प्रत्येक बालक को अपने पूर्ण विकास का आश्वासन।
13. सभी के लिए सामाजिक सुरक्षा जिससे वे बेरोजगारी, बीमारी, वृद्धावस्था, परिवारिक स्थितियों, अपंगता, प्राकृतिक परेशानियों, तकनीकी बदलाव, अवकाश के समय इतनी आय हो कि मानवीय तरीके से जीवन व्यतीत कर सकें और वृद्धावस्था में जीवन के निर्वाह के साधन।
14. धरती पर जीवन के लिए संकट बनने हुए तकनीकी खतरे व पर्यावरण के विरोध द्वारा झंझट पैदा करने वाले तत्वों को जलदी से खत्म करना और उन पर रोक लगाना।
15. कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम लागू करना जिससे तकनीकियों के बदले में सुरक्षित नई प्रणालियों की खोज, उनको विकसित करना और स्थापित करना जिससे उन तकनीकों पर रोक लग सके और उन्हें खत्म कर दिया जाए जोकि जीवन के लिए हानिकारक और खतरनाक साबित हो सकती हैं।
16. सांस्कृतिक विविधता पर ज़ोर विकृत प्रशासन को प्रात्साहित करना।
17. अल्पसंख्यकों, रेफ्यूजियों और देश छोड़ने वालों को शान्तिपूर्ण स्वयं निश्चित करने की स्वतन्त्रता।
18. धरती पर कहीं भी रहने की स्वतंत्रता किन्तु अधिक संख्या में रेफ्यूजियों, व्यक्तियों या बड़े पैमानों पर देश बदलने के लिए अस्थायी जगह के प्रबन्ध।
19. मौत की सज़ा पर रोकथाम।

अनुच्छेद–14 सुरक्षाएँ और आरक्षण

वर्ग ए : कुछ सुरक्षाएँ

नीचे परिभाषित की गई सुरक्षाएँ विश्व सरकार द्वारा धरती के संघ के सभी देशों और व्यक्तियों के लिए सुरक्षित रखने के लिए कार्य करेगा :-

1. इस बात की गारण्टी कि धरती के संघ के सभी सदस्यीय देशों के लिए विश्व संविधान के प्राविधानों के अर्न्तगत, सार्वजनिक कार्यों, रिकार्डों, विधि व्यवस्था व कानूनी प्रक्रियाओं पर पूर्ण विश्वास और मान्यता दी जाएगी।
2. इस विश्व संविधान के कई प्राविधानों मुताबिक सिविल लिबर्टी और मानवीय अधिकार और जीवन के लिए सुरक्षित पर्यावरण, इस विश्व संविधान द्वारा दी गई गारण्टी और प्राविधानों के अर्न्तगत, धरती के संघ के सदस्यीय देशों और मुल्कों के अर्न्तगत अन्दरूनी राजनैतिक, आर्थिक और सामाजिक प्रणालियों में चयन की स्वतंत्रता का आश्वासन।
3. जो देश अभी तक धरती के संध में शामिल नहीं है उनके निवासियों को घरती के संघ में संरक्षण देना और रहने का अधिकार।
4. जब धरती के संघ में धरती के कुछ क्षेत्र के 90 प्रतिशत लोग निवास कर रहे हों तब उन व्यक्तियों और समूहों को यह अधिकार देना कि विश्व सरकार द्वारा न तो संरक्षित हो न ही निषेध हो किन्तु यह क्षेत्र धरती के निवासीय क्षेत्र का 5 प्रतिशत से अधिक न हो, इसमें पूर्ण रूप सें निरस्तीकरण हो और यह हिस्तात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एक बेस के रूप में धरती के संघ के अथवा किसी सदस्यीय देश के विपक्ष में न प्रयोग किया जाए, और पर्यावरण अथवा तकनीकी हानियों से परे हो जोकि इस क्षेत्र के बाहर के क्षेत्रों में भी हानि पहुँचा सकती हों।

वर्ग बी : शक्तियों का आरक्षण

जो शक्तियाँ इस विश्व संविधान के द्वारा विश्व सरकार को नहीं दी जाएँगी, वे धरती के संघ के देशों और घरती के लोगों के लिए आरक्षित होंगी।

अनुच्छेद-15 विश्व संघीय ज़ोन और विश्व राजधानियाँ

वर्ग ए : विश्व संघीय ज़ोन

1. 20 विश्व निर्वाचन और प्रशासनिक क्षेत्रों के अर्न्तगत 20 विश्व संघीय ज़ोन स्थापित की जाएँगी जिनका मकसद विश्व सरकार के विभिन्न अंगों की स्थापना, और प्रशासनिक विभागों की, विश्व न्यायलयों, क्षेत्रीय विश्व अटर्नियों के कार्यालयों, विश्व अटर्नियों के कार्यालयों व विश्व सरकार की अन्य शाखाओं, विभागों, संस्थाओं, कार्यालयों, ब्यूरो, लोकायुक्तों, एजेन्सियों और हिस्सों की स्थापना।
2. जैसे विश्व सरकार की आवश्यकताएँ और संसाधनों का विकास और बढ़ोत्तरी होती है, तो विश्व संघीय ज़ोन स्थापित की जाएँगी। विश्व संघीय ज़ोन हर 5 महाद्विपीय खण्ड में सबसे पहले स्थापित की जाएँगी।
3. विश्व संघीय ज़ोनों की स्थापना और प्रशासन पहले पाँचों को मिलाकर विश्व संसद द्वारा निर्धारित की जाएगी।

वर्ग बी : विश्व राजधानियाँ

1. विश्व संविधान के अनुच्छेद 15 के अनुसार हर 5 विश्व संघीय ज़ोनों में सबसे पहले स्थापित होने वाले धरती के 5 महाद्विपीय खण्डों में 5 विश्व राजधानियों की स्थापना।
2. विश्व संसद द्वारा विश्व राजधानियों में से एक प्राइमरी विश्व राजधानी कहलाएगा व 4 अन्य सेकेन्डरी विश्व राजधानियाँ कहलाएँगी।
3. विश्व सरकार के सभी अंगों की प्राइमेरी सीटें प्राइमेरी विश्व राजधानी में स्थापित की जाएँगी व विश्व सरकार के कई अंगों की अन्य खास सीटें सैकेण्डरी विश्व राजधानियों में स्थापित की जाएँगी।

वर्ग सी : स्थापना की प्रक्रियाँ

1. 5 विश्व राजधानियों और 20 विश्व संघीय ज़ोनो के स्थल प्रेसीडियम द्वारा प्रस्तावित किए जाएँगे और फिर विश्व संसद की तीनों सभाओं के संयुक्त सत्र में सीधे बहुमत मतदान द्वारा निर्गत किए जाएँगे। प्रेसीडियम द्वारा प्रत्येक 20 विश्व निर्वाचन और प्रशासनिक क्षेत्रों में 2 या 3 स्थलों का चयन सामने रखा जाएगा और हर विश्व राजधानी के लिए 2 विकल्प रखे जाएँगे।
2. प्रेसीडयम फिर विश्व कार्यपालक के साथ सलाह करके यह प्रस्ताव रखेगा कि कौन सी 5 विश्व राजधानियों में से प्राइमेरी विश्व राजधानी बनेगा जोकि विश्व संसद की तीनों सभाओं के संयुक्त सत्र में सीधी बहुमत मतदान द्वारा निर्णित किया जाएगा।
3. विश्व सरकार का हर अंग यह निर्णित करेगा कि 5 विश्व राजधानियों और 20 विश्व संघीय ज़ोनों में विश्व संसद के विशिष्ट निर्देशानुसार अपने कार्यो और गतिविधियों में सबसे उत्कृष्ट तरीके से आयोजित करेगा और वितरित करेगा।
4. विश्व संसद पाँचों विश्व राजधानियों में अपने सत्र घुमवाकर चक्र से आयोजित कर सकता है और यदि यह हुआ तब वह घुमाने की प्रक्रिया भी निर्धारित करेगा।

5. विश्व सरकार के पहले 2 कार्यान्वित कदमों के लिए जो कि अनुच्छेद 17 में दिये गये हैं व अस्थाई विश्व सरकार के लिए जो कि अनुच्छेद 19 में दिये हैं व अस्थायी विश्व सरकार के लिए जो कि अनुच्छेद 19 में दिये है, एक विश्व राजधानी का अस्थाई स्थल प्राइमरी विश्व राजधानी के लिए चयनित कर लिया जा सकता है। यह अस्थायी स्थल की तरह आगे भी रखा जाए।
6. कोई भी विश्व राजधानी ज़ोन यर विश्व संघीय ज़ोन विश्व संसद की तीनों सभाओं के संयुक्त सत्र मे दो तिहाई पूर्ण बहुमत मतदान से दूसरी जगह स्थापित की जा सकती है।
7. यदि प्रेसीडियम प्रस्ताव रखे और विश्व संसद की तीनों सभाओं का संयुक्त सत्र में पूर्ण बहुमत मतदान से ही सहमति हो, तब अतिरिक्त विश्व संघीय ज़ोनों की स्थापना की जा सकती है।

अनुच्छेद-16 विश्व क्षेत्र व बाहरी सम्बन्ध

वर्ग ए : विश्व क्षेत्र

1. जो धरती के और धरती के चाँद के क्षेत्र, धरती के संध की स्थापना के समय मौजूदा देशों के कार्य क्षेत्र में नहीं आते हैं, या जो राष्ट्रीय मिल्कियत और प्रशासन के परे हैं या जिनको कि धरती के संघ की स्थापना के पश्चात् विश्व क्षेत्र घोषित किया गया हे, वे विश्व क्षेत्र कहलाएँगें और धरती के सभी लोगों के होंगे।
2. विश्व क्षेत्र का प्रशासन विश्व संसद द्वारा निर्धारित किया जाएगा और विश्व कार्यपालक द्वारा कार्यान्वित (लागू) किया जाएगा और निम्न क्षेत्रफलों में जागू होगा :-
   1.सभी महासागर और समुद्र जिनकी प्रकृति अर्न्तराष्ट्रीय या राष्ट्रीयता को लाँघती है, इसमें सम्मिलित समुद्र तल और उसके संसाघन, 20 किलोमीटर की तटीय दूरी से प्रारम्भ होते हुए, और पुराने राष्ट्रीय मिल्कियत में आने वाले अन्द्रूनी समुद्रों को छोड़कर।
   2.महत्वपूर्ण स्ट्रेट चैनल व नहर।
   3.पृथ्वी के चारों तरफ का वातावरण, धरती के सामान्य स्थल से एक किलोमीटर ऊपर, उन क्षेत्रों के गडढों को छोड़कर जहाँ ऊँचाई में काफी उतार चढ़ाव है।
   4.मनुष्य द्वारा निर्मित उपग्रह और धरती का चाँद।
   5.वे कालोनियाँ जो कि विश्व क्षेत्र में रहना चयनित करें, संयुक्त राष्ट्र या देशों के सामूहिक प्रशासन के निहित आने वाले अस्वतंत्र क्षेत्र, कोई भी द्वीप या एटौल जोकि किसी भी देश द्वारा नहीं अपनाए गए हैं, स्वतन्त्रता स्थल या राज्य जो कि विश्व क्षेत्र में कहलाना पसन्द करतू हैं, विवादित स्थल जो कि विश्व क्षेत्र में कहलाना पसन्द करते हैं।
3. किसी भी विश्व क्षेत्र के निवासी, सिवाए विश्व संघीय ज़ोन कहलाने वाले, को यह अधिकार होगा कि वे प्लेबीसाइट (जनता का चुनाव) द्वारा निश्चित करें कि वे स्वयं सरकारी देश धरती के संघ में रहते हुए, अकेले या अन्य विश्व क्षेत्रों के साथ मिलकर या किसी मौजूदा देश के साथ मिलकर धरती के संघ में शामिल होंगे।

वर्ग बी : बाहरी सम्बन्ध

1. विश्व सरकार उन देशों के साथ बाहरी सम्बन्ध रखेगी जो कि धरती के संध मे नहीं जुड़े हैं। बाहरी सम्बन्ध प्रसीडियम के प्रशासन के अर्न्तगत आएँगे और यह हर समय विश्व संसद के विशिष्ट निर्देशों और सहमति के हिसाब से चलेंगे।
2. जो देश धरती के संघ के बाहर हैं उनसे सारी ट्रीटियाँ संधियाँ और सहमतियाँ को प्रेसीडियम द्वारा वार्तालाप किया जाएगा और विश्व संसद की तीनो सभाओं के बहुमत मतदान द्वारा पारित किया जाएगा।
3. धरती के संघ की विश्व सरकार दूसरे गृहों और आकाशीय पिण्डों से शान्तिपूर्ण सम्बन्ध स्थापित करेगी और जहाँ तक सम्भव होगा वहाँ के सम्भावित निवासियों से संचार स्थापित करेगी।
4. बाहरी अंतरिक्ष में होने वाली सारी खोज, धरती के सौर्य मण्डल के ही अलग निर्देशन में करेगी और वह इस प्रकार से होगी जैसा कि विश्व संसद द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

अनुच्छेद–17 पारित करना व लागू करना

वर्ग ए : विश्व संविधान को पारित करना

विश्व संविधान धरती के देशों के समक्ष पारित होने हेतु निम्न प्रक्रियाओं द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा :–

1. विश्व संविधान संयुक्त राष्ट्र संध की आम सभा को और धरती पर हर राष्ट्रीय सरकार को इस अनुरोध से प्रस्तुत किया जाएगा कि विश्व संविधान हर देश के राष्ट्रीय विधि व्यवस्था के समक्ष प्रारम्भिक पारित होने के लिए व हर देश के लोगों के समक्ष लोकप्रिय रेफरेन्डम द्वारा अन्तिम पारित होने के लिए रखा जाएगा।
2. राष्ट्रीय कानून व्यवस्था के मतदान के सीधे बहुमत द्वारा प्रारम्भिक पारित होना राष्ट्रीय कानून व्यवस्था द्वारा पूरा किया जाएगा।
3. फानेल रैटिफिकेशन लोगों द्वारा मतदान से पूरा किया जाएगा। इसका प्राविधान यह है कि न्यूनतम पच्चीस प्रतिशत योग्य मतदाता 18 वर्ष उसके ऊपर के, देश या राज्य में अन्दर अपना मतदान करेंगे या विश्व निर्वाचन और प्रशासनिक जनपदों के अर्न्तगत।
4. यदि राष्ट्र में कोई राष्ट्रीय कानून व्यवस्था नहीं है, तब राष्ट्रीय सरकार से अनुरोध किया जाएगा कि वह प्रारम्भिक रैटिफिकेशन करे और लोकप्रिय रेफरेन्डम के आधार पर फाइनेल रैटिफिकेशन को विश्व संविधान के समक्ष प्रस्तुत करे।
5. यदि राष्ट्रीय सरकार 6 महीने के पश्चात् विश्व संविधान को रैटिफिकेशन प्रस्तुत करने से रह जाती है जैसा कि अनुरोध किया गया है, तब वह विश्व व्यापी एजेन्सी जो कि विश्व व्यापी रैटिफिकेशन कार्य के लिए सीधे जिम्मेदार है, वह पूरे राष्ट्रों या देशों के आधार पर एक सीधा रोफरेन्डम संचालित करा सकती है या राष्ट्रों के अन्दर मौजूदा परिभाषित समूहों के आधार पर।
6. यदि डाइरेक्ट रैटिफिकेशन रेफरेन्डम होता है, तब फाइनेल रफरेन्डम पूरा करने के लिए पूरे राष्ट्रीयता एक विश्व निर्वाचन और प्रशासनिक जनपद में बहुमत मतदान किया जाएगा, यह मानते हुए कि मतदान न्यूनतम 25 प्रतिशत योग्य मतदाताओं द्वारा किया गया है जोकि 18 वर्ष या इसके ऊपर की आयु के हैं।

7. एक राष्ट्र के भीतर मौजूदा समूहों द्वारा प्रस्ताव पारित करने की विधि यह होगी कि स्थानीय समूहों कम्यूनिटी, शहरों, प्रौविन्सों, कैप्टनों, प्रीफेक्चरों, ट्राइबिल क्षेत्रों या एक राष्ट्र के भीतर अन्य परिभाषित राजनैतिक इकाईयों से विश्व संविधान को पारित करने का अनुरोध करना और कम्यूनिटी या राजनैतिक इकाई द्वारा मतदान का एक रैफरेन्डम मत विश्व संविधान को सौपना। इस तरह प्रस्ताव पारित किया जा सकता है जब तक कि सभी योग्य मतदाताओं, जिनकी आयु 18 वर्षो की या उससे अधिक हो, एक राष्ट्र या विश्व निर्वाचन और प्रशासनिक जनपद के अर्न्तगत, मतदान करने का अवसर पा जाते हैं यह मानते हुए कि योग्य मतदाताओं के न्यूनतम 25 प्रतिशत द्वारा हुए हैं।
8. विश्व सरकार की पूर्ण कार्यान्वित स्थिति से पहले (पूर्व) जैसा अनुच्छेद 17 के सेक्शन ई में परिभाषित किया गया है, किसी भी देश के विश्व विद्यालय, कालेज, और वैज्ञानिक अकादमियों और संस्थानों द्वारा विश्व संविधान को पारित किया जा सकता है, जिससे वे विश्व संसद के सदस्यों के नामांकन के लिए योग्य हो जाते हैं कि काउन्सिलरों की सभा के लिए।
9. उन देशों के विषय में जा कि गम्भीर अर्न्तराष्ट्रीय मतभेदों में उलझे हैं या जहाँ 2 या उससे अधिक देशों के बीच पुरानी दुश्मनी या गहरे मतभेद चल रहे हों, एक कौनकरेन्ट पैर्ड रैटिफिकेशन की प्रक्रिया स्थापित की जाएगी जिसमें वे देश जोकि वर्तमान या कई दिन पुराने अर्न्तराष्ट्रीय झगड़ों में उलझे हैं व साथ साथ विश्व संविधान को पारित कर सकेंगे। इन केसों में वे पैर्ड राष्ट्र धरती के संघ में एक साथ दाखिल किए जाएँगे और हर राष्ट्र की जिम्मेदारी होगी कि वह तत्काल सारे महाविनाशकारी हथियारों को विश्व सरकार को सौंप दे और झगड़े या मतभेद को माननीय शान्तिपूर्ण समझौते के लिए विश्व सरकार को सौप दें
10. हर राष्ट्र या राजनैतिक इकाई जोकि विश्व संविधान को पारित करता है, चाहें वह प्रारम्भिक या फाइनेल तौर पर पारित करे, वह कभी भी सशस्त्र बल या महाविनाश के हथियारों को धरती के संघ के किसी सदस्य या इकाई पर प्रयोग नहीं कर सकता है, चाहें कितना भी समझ क्यों न लग जाए सभी राष्ट्रों और राजनैतिक इकाइयों को पूरी तरह निरस्तीकरण करने में जोकि इस विश्व संविधान को पारित करते हैं।
11. जब यह पारित हो जाए, तो धरती के संघ का संविधान धरती का उच्चतम कानून बन जाएगा। जब यह धरती का संविधान पारित हो जाता है, तब किसी भी देश की कानून व्यवस्था जो इसे पारित करती है या उसका कोई भी प्रावधान, जो कि इस धरती के संविधान के विपरीत जाता है, उसे या तो हटा दिया जाएगा जिससे वह धरती के संघ के संविघान के अनुकूल बने, और यह प्रभावशाली होगा जैसे ही 25 देश इसे पारित कर देते हैं। धरती के संघ के संविधान के पारित होने के पूर्व राष्ट्रीय या राजकीय संविधानों को विश्व संघ में शामिल करने के लिए उनका संशोधन होना आवश्यक नहीं है।

<u>वर्ग बी : लागू करने के चरण</u>

1. एक अस्थायी विश्व सरकार बनाने के चरण के अतिरिक्त, इस विश्व संविधान को लागू करना और उसकी शर्तो के तहत विश्व सरकार को गठित करने के कार्य में तीन चरण हैं जो कि निम्न हैं जैसा कि अनुच्छेद 19 में प्रायोजित किया गया है।

   1.विश्व सरकार का पहला कार्यान्वित चरण।

2.विश्व सरकार का द्वितीय कार्यान्वित चरण।

3.विश्व सरकार का तृतीय कार्यान्वित चरण।

2. प्रत्येक चरण के प्रारम्भ और उसके दौरान, विश्व संसद और विश्व कार्यपालक मिलकर उद्देश्य निर्धारित करेंगे और साधन जुटाएँगे जिससे विश्व संविधान का प्रगतिशील तरीके से पालन किया जा सके और विश्व संसद द्वारा बनाए गये कानूनों का पालन किया जा सके।

वर्ग सी : विश्व सरकार का पहला कार्यान्वित चरण

1. विश्व सरकार का इस विश्व संविधान के अर्न्तगत प्रथम कार्यान्वित चरण तब लागू किया जाएगा जब कि परिपूर्ण संख्या में देश इसे पारित कर दें और/अथवा लोग निम्न शर्तों में से एक या अनेक या उसके बराबर इनकों मानें :-

   1.न्यूनतम 25 देशों द्वारा इसका प्रारम्भिक या फाइनल तरीके से पारित होना, हर एक की जन संख्या 1,00,000 से अधिक हो।

   2.प्रारम्भिक या फ़ाइनेल रैटिफ़िकेशन न्यूनतम 10 देशों द्वारा जिनकी जनसंख्या 1,00,000 से ऊपर हो, साथ में सीधा रेफरेन्डम न्यूनतम 50 अरिक्ति निर्वाचन और प्रशासनिक जनपदों द्वारा।

   3.न्यूनतम 100 विश्व निर्वाचन और प्रशासनिक जनपदों द्वारा सीधे रेफरेन्डम चाहें कोई देश इस तरह पारित न किया हो।

2. जिन सभी विश्व निर्वाचन और प्रशासनिक जनपदों में रैटीफिकेशन लोकप्रिय रैफ़रेन्डम द्वारा हुआ हो, उनमें विश्व संसद के सदस्यों का चुनाव जनता की सभा के लिए कराया जाएगा।
3. विश्व संसद के सदस्यों का चुनाव जनता की सभा के लिए साथ में लोकप्रिय रेफरेन्डम के चल सकता है, पहले विश्व सरकार बनने के चरण के व उसके बाद भी।
4. विश्व संसद के उन सदस्यों की नियुक्ति व चुनाव देशों की सभा के लिए उन देशों में कराया जा सकता है जहाँ प्रारम्भिक रैटिफेकशन हो चुका हो।
5. विश्व संसद के एक चौथाई सदस्यों का चुनाव, काउन्सिलरों की सभा के लिए, उननामांकनों में से किया जा सकता है जो कि उन विश्वविद्यालयों और कालेजों द्वारा सौंपे गये हैं जिन्होंने विश्वविद्यालय को रैटीफ़ाई (पारित) कर दिया है।
6. विश्व प्रेसीडियम और कार्यपालक मंत्रीमण्डल का चुनाव अनुच्छेद 6 के प्राविधानों के अनुसार किया जाएगा सिवाए इसके की काउन्सिलरों की सभा की नामौजूदगी में, नामांकन जनता की सभा और देशों की सभा के संयुक्त सत्र में सदस्यों द्वारा नामांकन किया जाएगा। जब तक यह उपलब्धि नहीं होती है, तब तक अस्थायी विश्व सरकार का प्रेसीडियम और काल्पनिक मंत्रीमण्डल, अनुच्छेद 19 के अनुसार सेवा प्रदान करता रहेगा।
7. जब इसकी रचना पूरी हो जाएगी, तब विश्व सरकार के पहले कार्यान्वित चरण के लिए बनाया प्रसीडियम मंत्री पदों को बाँटते व दोबारा बाँटते रहे। मंत्रीमण्डल और प्रेसीडियम के सदस्यों में और तुरन्त एक विश्व निरस्तीकरण एजेन्सी और विश्व आर्थिक व विकासीय संगठन की स्थापना करेंगे और इसे लागू करेंगे।
8. जो राष्ट्र इस विश्व संविधान को पारित करते हैं और फिर धरती के संघ में जुड़े हैं वे शीघ्र ही बड़े पैमाने पर विनाश के सभी हथियार उस एजेन्सी को सौंप देंगे जिसको विश्व निरस्तीकरण एजेन्सी द्वारा परिभाषित व पदस्थ किया गया है (अनुच्छेद 19 सेक्शन ए-2-डी, बी-6 और ई-5 देखें)। विश्व निररस्तीकरण एजन्सी तुरन्त इन हथियारों को स्थगित कर देगी व

आगे कोशिश करेगी कि इन्हें विच्छेद कर दे या शान्ति में उपयोग के लिए परिवर्तित कर दे अथवा इनकी सामग्री को दोबारा उपयोग करे अथवा सभी हथियारों को नष्ट कर दे। विश्व सरकार के प्रथम कार्यान्वित चरण में, पारित करते वाले राष्ट्र अपनी सशस्त्र फ़ौजो को रोक कर रख सकते हैं और इनके पास बड़ें पैमाने पर विनाश के हथियारों के अलावा जो हथियार हों, वे रोके जा सकते हैं जैसा कि विश्व निरस्तीकरण एजन्सी द्वारा परिभाषित व (designated) दिया गया हो।

9. विश्व सरकार के पहले चरण में, बड़े पैमाने पर विनाश करने वाले हथियारों और अन्य फौजी खर्चों को समाप्त करने के साथ जितना इस चरण में ही कर लिया जाएगा, धरती के संघ के सदस्यीय राष्ट्र विश्व सरकार के ख़जाने में वार्षिक रूप से अपने फ़ौजी खर्चों से बचाई गई धनराशि का आधा भाग देंगे उस आखिरी वर्ष में जिससे पहले वे संघ से जुड़े थे और इस तरह की राशि देते रहेंगे जब तक कि विश्व सरकार पूरी तरह से कार्यान्वित न हो जाए। विश्व सरकार इस पूँजी का 50 प्रतिशत, विश्व आर्थिक विकास संस्था के कार्य व योजनाओं में प्रयोग करेगी।
10. विश्व संसद और विश्व कार्यपालक अंगों को, विभागों, एजेन्सियों और गतिविधियों को, जोकि अस्थायी विश्व सरकार के अर्न्तगत आते हैं, और आवश्यकतानुसार उनके संशोधनों को विकसित करते रहेंगे, और आगे प्रारम्भ करतें रहेंगे और संस्थापित करते रहेंगे निम्न अंगों, विभागों और विश्व सरकार की एजेन्सिों को, जो कि यदि अभी तक शुरु नहीं हुई हैं, साथ में ऐसे और विभागों के और एजेन्सियों के जैसे कि विश्व सरकार के पहले चरण में इच्छुक हों या संस्थापित कर सकी जा सकें।
    1. विश्व उच्चतम न्यायालय
    2. कार्यान्वित प्रणाली
    3. विश्व ओमबड्समस
    4. विश्व सिविल सर्विस प्रशासन
    5. विश्व वित्तीय प्रशासन
    6. शोध और योजना की ऐजेन्सी
    7. तकनीकी और पर्यावरण आँकने की ऐजेन्सी
    8. एक आपातकालीन धरती बचाव प्रशासन जो कि मौसम में बदलाव व सम्बन्धित विषयों से ताल्लुक रखता हो
    9. एक समन्वित विश्व उर्जा प्रणाली जोकि पर्यावरण के सुरक्षित स्त्रोतों पर निर्भर हो।
    10. शिक्षा विभाग के अन्तर्गत एक विश्व विद्यालय प्रणाली
    11. एक विश्व कार्पोरेशन कार्यालय, कौमर्स और उद्योग विभाग के अन्तर्गत
    12. एक विश्व सर्विस को
    13. एक विश्व महासागर और समुद्र प्रशासन
11. प्रथम कार्यकारिणी चरण के प्रारम्भ में प्रेसीडियम कार्यपसलक मंत्रीमण्डल की सलाह से एक प्रस्तावित कार्यक्रम बनाएगा और पेश करेगा जिससे मानवता की सबसे अहम और गूढ़ समस्याओं का हल निकाला जा सके।

12. विश्व संसद विश्व समस्याओं के हल पर कार्य करना प्रारम्भ कर दिया। विश्व संसद और विश्व कार्यपालक अपने विभिन्न अंगों, विभागों और विश्व सरकार की एजेन्यिसों द्वारा जैसे भी उसके पास संसाधन हो और जैसा सम्भव हो उसके द्वारा विश्व कानून व्यवस्था, विश्व विधि और विश्व संविधान के लागू करने और और कार्यान्वित करने के लिये और खास तौर से कुछ निर्णायक कदम धरती के लोगों की भलाई के लिए लें जो कि सारे विश्व के लिए सही बैठे, जो कि निम्न विषयों को शामिल करे किन्तु इन तक सीमित न हो।

1. एक आपातकालीन धरती बचाव प्रशासन को जलदी संगठित करे और कार्य में लाए जोकि मौसम के बदलाव और मौसम के संकट पर घ्यान दे सके।
2. नई वित्तीय, उधार और मानेटरी प्रणाली को जलदी बनाना जोकि मानवीय जरूरतों को पूरा कर सके।
3. एक समन्वित विश्व उर्जा प्रणाली को जल्दी लागू करे, जो कि सौर्य उर्जा का प्रयोग करे, हाइड्रोजन उर्जा और अन्य सुरक्षित और देर तक चलने वाले उर्जा के स्त्रोतों को जल्दी लागू करे।
4. कृषि उत्पादन के लिए एक विश्व कार्यक्रम को आगे बढ़ाना जिससे सर्वाधिक लगातार उत्पादन हो ऐसे वातावरण में जोकि जीवजन्तु के लिए भी सही हो।
5. धरती के संघ में स्वतंत्र व्यापार के वातावरण को स्थापत करना।
6. परमाणु उर्जा योजनाओं के मोरेटोरियम को लागू करने के लिए रास्ते ढूँढ़ना, उसकी आवाज़ उठाना जब तक कि सुरक्षा सम्बन्धी सारी समस्याएँ सुलझ जाएँ, ज़हरीले वेस्ट प्रोडक्ट को डिस्पोज़ आफ किया जा सके और परमाणु हथियारों के उत्पादन वाली सामग्रियों को अन्य कार्यों में उपयोग करना व उनके खतरों से सावधान रहना।
7. परमाणु हथियारों व महाविनाशकारी सभी हथियारों के उत्पादन को पूर्ण रूप से बन्द कर देना और मना कर देना।
8. धरती पर सभी के लिए पर्याप्त और शुद्ध जल और शुद्ध वायु पूर्ति के लिए कार्यक्रमों को आगे बढ़ाना।
9. धरती के संसाधनों का संरक्षण और उन्हें परिवर्तित रूप में दोबारा प्रयोग में लाने के विश्व व्यापी कार्यक्रमों को आगे बढ़ाना।
10. जनसंख्या की बढ़ोत्तरी को नियन्त्रित करने के लिए एक माननीय कार्यक्रम को विकसित करना खासतौर से जीवन के स्तर को ऊँचा उठाकर।

वर्ग डी : विश्व सरकार का द्वितीय कार्यान्वित चरण

1. विश्व सरकार का द्वितीय कार्यान्वित चरण तब लागू जब 50 प्रतिशत या उससे अधिक धरती के राष्ट्र या तो प्रारम्भिक या फाइनेल तौर पर विश्व संविधान को पारित कर देंगे, यह होते हुए कि धरती की 50 प्रतिशत जनसंख्या या तो पारित करने वाले राष्ट्रों में आती है या फिर सभी पारित करने वाले राष्ट्रों और अतिरिक्त विश्व निर्वाचन और प्रशासनिक जनपदों के अर्न्तगत आती है जहाँ लोगों ने विश्व संविधान को सीधे रेफरेन्डम से पारित किया है।

2. विश्व संसद के सदस्यों का विश्व संसद की तीनों सभाओं में निर्वाचन और नियुक्ति इस प्रकार से की जाएगी जैसा कि पहले कार्यान्वित चरण के अनुच्छेद 17 के सैक्शन सी - 2,3,4 और 5 में दिया गया है।
3. विश्व संसद के सदस्यों का कार्यकाल जोकि विश्व सरकार के पहले कार्यान्वित चरण में निर्वाचित या नियुक्त किए गए हों, वे दूसरे कार्यान्वित चरण में बढ़ा दी जाएगी सिवाए यदि 5 वर्षो क कार्यकाल में सेवा प्रदान कर चुके हो जिस सूरत में नए चुनाव या नियुक्तियों काआयोजन किया जाएगा। जो सदस्य विश्व संसद में दूसरे कार्यान्वित चरण में पहले चरण से आए हैं उनका काल नए निर्वाचित सदस्यों के साथ ही दूसरे कार्यान्वित चरण के प्रारम्भ से चलेगा।
4. विश्व सरकार के द्वितीय कार्यान्वित चरण में विश्व प्रेसीडियम और विश्व कार्यापालक को पुर्ननिर्माण और पुनः स्थायित्व प्रदान किया जाएगा।
5. विश्व संसद और विश्व कार्यपालक विश्व सरकार के पहले कार्यान्वित चरण से ही बने हुए अंगों, विभागों, एजन्सियों और गतिविधियों को ऐसे संशोधनों के साथ जो आवश्यक हों, ज़ारी रखेगा, और आगे ऐसे अन्य अंगों और मुख्य विभागों और विश्व सरकार की एजेन्सियों को विकसित करेंगे और स्थापित करेंगे जितना की द्वितीय कार्यान्वित चरण में सम्भव हो।
6. जो राष्ट्र धरती के संविधान से जुड़े हों जिससे विश्व सरकार के दूसररे कार्यान्वित चरण की रचना हो, वे तुरन्त ही महाविनाशकारी सभी हथियार और सभी फौजी हथियारों को विश्व निरस्तीकरण एजन्सी को स्थानान्तरित कर देंगे जो कि तुरन्त उन हथियारों और सामान को स्थगित (immobilze) कर देगी और फिर उन्हें विच्छैद करेगी, शान्तिपूर्ण प्रयोग के लिए परिवर्तित करेगी, उन्हें परिवर्तित रूप से दोबारा प्रयोगब करेगी या फिर इस तरह के शस्त्रों और सामान को नष्ट कर देगी। दूसरे कार्यान्वित चरण में, सभी शस्त्र सेनाओं को और राष्ट्रों के पैरा-मिलिट्री फौजों को जाकि धरती के संघ में सम्मिलित हुए हों व पूर्ण रूप से निरस्तीकरण कर दिये जाएँगे और या तो इन्हें समाप्त कर दिया जाएगा या स्वयं सेवा से नान मिलिट्री विश्व सर्विस को के तत्वों में परिवर्तित कर दिया जाएगा।
7. विश्व सरकार के द्वितीय कार्यकारी चरण में, महाविनाशकारी हथियारों और अन्य सैन्य खर्चों को समाप्त करेन के साथ जितना इस चरण में ही कर लिया जाएगा, धरती के संघ के सदस्यीय राष्ट्र विश्व सरकार के खज़ानों में अपने फौजी खर्चों से बचाई गई धनराशि का आधा भाग देंगे उस आखिरी वर्ष में जिससे पहले वे संघ से जुड़े थे और इस तरह की राशि देते रहेंगे जब तक कि विश्व सरकार पूरी तरह से कार्यान्वित न हो जाए। विश्व सरकार इस पूँजी का 50 प्रतिशत विश्व आर्थिक विकास संस्था के कार्य व योजनाओं में प्रयोग करेगी।
8. द्वितीय कार्यान्वित चरण के लिए विश्व कार्यपालक मंत्रीमण्डल के गठन पर, प्रेसीडियम संयुक्त राष्ट्र संघ की आम सभा को एक नियन्त्रण भेजेगा और संयुक्त राष्ट्र की सभी विशिष्ट एजन्सियों को, जिनका इस प्रकार स्थानान्तरण हो सकता है, उनका पुननिर्माण होगा आवश्यकतानुसार और वे कई अन्य अंगों, विभागों, कार्यालयों और विश्व सरकार की एजेन्सियों में सम्मिलित हो जाएँगे।

9. दूसरे कार्यान्वित चरण के प्रारम्भ में प्रसीडियम कार्यपालक मंत्रीमण्डल की सलाह से एक प्रस्तावित कार्यक्रम पेश करेगा जिससे धरती के लोगों में प्रमुख व महत्वपूर्ण विश्व समस्याओं को सुलझाया जा सके।
10. विश्व संसद ऐसी कानून व्यवस्था तैयार करेगी कि एक परिपूर्ण कार्यक्रम के तहत मौजूदा गूढ़ विश्व समस्याओं का निवारण हो सके।
11. विश्व संसद और विश्व कार्यपालक दोनो साथ में कार्य करते हुये विश्व सरकार के कई अंगों, विभागों और एजन्सियों के द्वारा विकसित करेगी। जो भी साधन उसे सही व परियुक्त लगेंगे कानून लागू करने के लिए जिससे विश्व की समस्याओं का समाधान हो सके और मुख्यत: धरती के लोगों की भलाई के लिए एसे निर्णयक कदम उठायेंगे जाकि निम्न हैं किन्तु इन तक सीमित नहीं हैं :-
    1. सभी महासागर, समुद्र और नहरें जिनका राष्ट्र से परे चरित्र है (अन्दर समुद्रों को छोड़कर जोकि कायदे सेकिसी खास देश में हों) 20 कि.मि. की समुद्र तटीय दूरी से, वे धरती के संघ के सीधे (direct) नियन्त्रण में होंगे और मानवता की समान रूप से मिल्कियत में और विश्व सरकार के नियन्त्रण व प्रबन्ध में।
    2. सभी पोलर कैप और आस पास चारों और के पोलर क्षेत्र, जिसमें एन्टार्टिका का महाद्वीप भी आता है किन्तु वे क्षेत्र नहीं हैं जो कि पहले से ही किसी विशेष राष्ट्र का हिस्सा हों, वे विश्व क्षेत्र कहलाएँगे और धरती के साम्राज्य में आयेंगे, मानवता का समान रूप से इन पर अधिकार होगा और विश्व सरकार के नियन्त्रण और प्रबन्ध के आधीन रहेंगे।
    3. महाविनाशकारी सभी हथियार, व अन्य सैन्य शस्त्र और सामान रखना, जमा करना, उपयोग करना और बेचना।
    4. धरती के लोगों के लिए एक सदैव भरी रहने वाली खाद्य सामग्री और खाद्य पूर्ति व्यवस्था की स्थापना।
    5. पहले कार्यान्वित चरण के सेक्शन सी-90 और सी-92 द्वारा परिभाषित सभी कार्यों को जहाँ तक सम्भव हो, आगे बढ़ाना और विकसित करना।

<u>वर्ग ई : विश्व सरकार का पूर्ण कार्यान्वित चरण</u>

1. जब विश्व संविधान को प्रारम्भिक एवं पूर्ण रूप से पारित किया जाता है चाहें वह (ए) या (बी) की शर्त को पूर्ण करे तब विश्व सरकार का पूर्ण कार्यान्वित चरण लागू किया जाएगा।

    1. धरती के 80 प्रतिशत या अधिक राष्ट्रों द्वारा पारित होना जिसमें कम से कम धरती की 90 प्रतिशत जनसंख्या या
    2. पारित होना जिसमें 90 प्रतिशत धरती की जनसंख्या सम्मिलित हो, चाहे वह पारित होने वाले राष्ट्रों के भीतर की हो या फिर पारित होने वाले राष्ट्रों के साथ अतिरिक्त पारित होने वाले राष्ट्र जिनमें विश्व निर्वाचन और प्रशासनिक जनपद हों जहाँ सीधे रेफरेन्डम द्वारा पारित पूरा हुआ है जैसा कि अनुच्छेद 17 के सेक्शन ए में दिया गया है।

2. जब विश्व सरकार पूर्ण कार्यान्वित चरण तक पहुँच गई है, तब निम्न शर्तों को लागू किया जाएगा :-

1.जहाँ अभी तक चुनाव नहीं हुये हैं, उन विश्व निर्वाचन और प्रशासनिक जनपदों में जनता की सभा के लिए सदस्यों का चुनाव होगा, और राष्ट्रों की सभा के सदस्यों का नामांकन और चुनाव राष्ट्र कानून व्यवस्था या सभी राष्ट्रों की राष्ट्र संस्थाओं द्वारा जहाँ अभी तक चुनाव नहीं हुये हैं वहाँ होंगे।

2.वित्तीय कार्यान्वित चरण में सेवा करने वाले जनता की सभा और राष्ट्रों की सभा के सदस्यों का कार्यकाल पूर्ण कार्यान्वित चरण तक चलता रहेगा, जिन्होंने 5 वर्षों तक पहले ही सेवा प्रदान की है, उन मामलों में निर्वाचन आयोजित किया जाएगा या नियुक्तियाँ की जाएँगी जैसी आवश्यकता हो।

3.जनता की सभा और राष्ट्रों की सभा के जिन सदस्यों के कार्यकाल के अभी 5 वर्ष से कम हुए हैं, वे विश्व ससंद के उन सदस्यों के कार्याकल के साथ चलेगा जिनके काल पूर्ण कार्यान्वित चरण के साथ प्रारम्भ हो रहे हैं।

4.काउन्सिलरों की सभा के दूसरे 100 सदस्यों का चुनाव अनुच्छेद 5 के सेक्शन ई में दी गई प्रक्रिया के अनुसार होगा। काउन्सिलरों की सभा के जो सदस्य पुराने चरण से नये चरण में आते हैं उनको पूर्ण कार्यान्वित चरण के प्रारम्भ से 5 वर्ष का कार्यकाल दिया जायेगा व जो सदस्य पूर्ण चरण से अपना कार्यकाल प्रारम्भ कर रहे हैं, वे 10 वर्षों तक सेवा कर सकेंगे।

5.अनुच्छेद 6 के प्राविधानों के अनुसार प्रेसीडियम और कार्यपालक मंत्रीमण्डल का पुर्ननिर्माण किया जाएगा।

6.विश्व सरकार के सभी अंगों को पूरी तरह से कार्यान्वित किया जाएगा, और प्रभावशाली प्रशासन व विश्व कानून व्यवस्था और विश्व विधि और विश्व संविधान के प्राविधानों को लागू करने के लिए पूर्ण रूप से विकसित किया जाएगा

7.जिन राष्ट्रों ने अभी तक एसा नहीं किया है वे तुरन्त सारे सैन्य शस्त्रों और सामान को शीघ्र ही विश्व निरस्तीकरण एजन्सी को स्थानान्तरित कर दें जो कि तुरन्त इन हथियारों की निषफल (immobilize) रोक दें और आगे कर इन्हें विच्छेद कर दें, शान्तिपूर्ण उपयोग में लायें व अनके तत्वों को दोबारा परिवर्तित रूप में प्रयोग करें या फिर सारे हथियारों को नष्ट कर दें।

8.हर प्रकार की सभी सेनाएँ व सैन्य बलों को पूर्ण रूप से निरस्तीकरण कर दें, और या तो इनको खण्डित कर दें या परिवर्तित कर दें और असैन्य विश्व सर्विस के साथ स्वयं सेवी के आधार पर मिला दें।

9.संयुक्त राष्ट्र संघ की सभी कार्य करने योग्य एजन्सियों को व अन्य योग्य अर्न्तराष्ट्रीय एजन्सियों को राष्ट्र सरकारों में स्थापित करना, उनके कार्यकर्ताओं और संसाधनों के साथ उन्हे विश्व सरकार में स्थानान्तरित कर देना चाहिए और उनका पुनः निर्माण और एक में जोड़ना जैसा कि विश्व सरकार के अंगों, विभागों, कार्यालयों, संस्थानों, लोकायुक्तों, ब्यूरो और एजन्सियों को।

10.जो गतिविधयाँ और योजनाएँ विश्व सरकार के द्वितीय कार्यान्वित चरण से चल रहे हैं, उन्हें विश्व संसद और विश्व कार्यपाक आगे भी विकसित करती रहेगी। एसे संशोधनों में जो आवश्यकतानुसार हो और एक एसे पूर्णरूप कार्यक्रम को चलाए जिससे विश्व समस्याओं का हल निकले जो धरती के लोगों की भलाई करे विश्व संविधान के प्राविधानों के अनुसार।

वर्ग एफ : अनुसर्मथन की लागत

धरती के निजी नागरिकों के कार्य और खर्चे धरती के साम्राज्य के लिए एक पारित संविधान की उपलब्धि के लिए विश्व संविधान की स्थापना के जायज खर्चे हैं जिसस कि वर्तमान और भविष्य पीड़ियाँ और लाभ उठाएँगी, और विश्व सरकार के विश्व वित्तीय प्रशासन द्वारा असली रकम का दोगुना किया जाएगा। जब 25 देश उस संविधान को धरती के साम्राज्य के लिए पारित इसे कार्यान्वित करते हैं वापस देने वाली रकम में सम्मिलित है वे दान जोकि विश्व सरकार फण्डिंग कार्पोरेशन को दिये गये हैं, अन्य खर्चे और दान जो कि विश्व वित्तीय प्रशासन द्वारा स्थापित किये गये स्तरों और प्रक्रियाओं द्वारा मान्यता प्राप्त हो।

अनुच्छेद-18 संशोधन

1. विश्व सरकार के प्रथम कार्यान्वित चरण के सम्पूर्ण होने के पश्चात्, विश्व संविधान द्वारा 2 तरह से संशोधनों को विचार के लिए प्रस्तापित किया जा सकता है :-
   1. विश्व संसद की किसी सभा द्वारा सीधे बहुमत मतदान द्वारा 2.20 विश्व निर्वाचन और प्रशासनिक जनपदों में से कुल 2,00,000 लोगों द्वारा, जो कि विश्व चुनाव में मतदान के योग्य हैं, पेटीशन पर हस्ताक्षर करके जब विश्व संविधान को पूर्ण (final) पारित होन की प्राप्ति हो जाती हैं।
2. विश्व संसद की तीनों सभाओं में हर एक में अलग अलग मतदान द्वारा दो तिहाई का पूर्ण बहुमत प्राप्त होना आवश्यक है, तभी विश्व संसद की किसी सभा द्वारा प्रस्तावित संशोधन आगे बढ़ाया जा सकता है।
3. लोकप्रिय पटीशन द्वारा प्रस्तावित संशोधन को पहले ही जनता की सभा का सीधा बहुमत प्राप्त होना चाहिए जोकि प्रस्तावित संशोधन पर फिर मत ले सकता है। उसके पश्चात् विश्व ससंद की तोनों सभाओं में हर एक में अलग अलग मतदान द्वारा दो तिहाई का पूर्ण बहुमत प्राप्त होना चाहिए, तभी विश्व संसद की किसी सभा द्वारा प्रस्तावित संशोधन आगे बढ़ाया जा सकता है।
4. समय समय पर किन्तु विश्व सरकार के प्रथम कार्यान्वित चरण के लिए विश्व संसद के पहले गठन ले लेकर 10 वर्षो से अधिक नहीं, और फिर हर 20 वर्षो के बाद, विश्व संसद के सदस्य एक सत्र में मिलेंगे जिसमें एक संविधानिक सम्मेलन का आयोजन होगा जिसमें विश्व संविधान की समीक्षा की जाएगी जिससे सम्भावित संशोधनों पर विचार किया जाए और उनका प्रस्ताव रखा जाए, जिसके बाद फिर आगे बढ़ाने के लिए अनुच्छेद 18 के क्लौज 2 में दिये गये प्राविधनों के अनुसार कार्य किया जा सकेगा।
5. यदि 1995 तक विश्व सरकार प्रथम कार्यान्वित चरण तक नहीं पहुँच सकते, तब अस्थायी विश्व सरकार जैसा कि अनुच्छेद 19 मे दिया गया है, विश्व संविधानिक असैम्बली का एक विशेष सत्र बुला सकती है जो कि धरती के साम्राज्य के संविधान की समीक्षा करे और अस्थायी विश्व सरकार में दी गई प्रक्रिया के अनुसार संभावित संशोधनों पर विचार करे।
6. यहाँ दी गई संशोधन प्रक्रियाओं के अलावा, विश्व संविधान का कोइ भी हिस्सा अलग न किया जाए, निलम्बित (suspend) या सबवर्टेड न किया जाए, न आपातकालीन परिस्थितियों में न चालाकी में अथवा सुविधा के लिये।

अनुच्छेद–19 अस्थायी विश्व सरकार

वर्ग ए : विश्व कान्सटीट्युएन्ट सभा द्वारा लिये जाने वाले कार्य

विश्व संवैधानिक सभा द्वारा विश्व सविधान अपनाने के बाद, सभा व एसी अन्य आगे कार्य करने वाली एजन्सी या एजेन्सियों, जो कि निर्धारित की जाती हैं, वे निम्न कार्य करेंगी, किन्तु इन तक सीमित नहीं रहेगी :-

1. विश्व सरकार के लिए इस विश्व संविधान को पारित करने हेतु सभी राष्ट्रों, जनसमूहों और धरती के लोगों का आहवान जारी करना।
2. निम्न तैयारी आयुक्तों को स्थापित करना :-
   1.पारित आयुक्त
   2.विश्व निर्वाचन आयुक्त
   3.विश्व विकास आयुक्त
   4.विश्व निरस्तीकरण आयुक्त
   5.विश्व समस्याएँ आयुक्त
   6.नामांकन आयुक्त
   7.वित्तीय आयुक्त
   8.शान्ति शोध और शिक्षा आयुक्त
   9.सबसे गूढ़ विश्व समस्याओं में हर एक के लिए विशेष आयुक्त
   10.अस्थायी विश्व सरकार
3. अस्थायी विश्व संसद के सत्रों का आयोजन जहाँ तक हो सके, निम्न परिस्थितियों के अर्न्तगत:-
   1.500 या अधिक सदस्यों को शामिल होने का आश्वासन, जोकि 5 महाद्वीपों के 20 देशों के व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व करें जैसा कि अनुच्छेद 19 के सेक्शन सी में दिया गया है।
   2.अस्थायी विश्व सांसद के सत्रों के आयोजन की न्यूनतम पूँजी या तो हाथ में हो अथवा पूर्ण रूप से शपथ हीन
   3.कम से कम 9 महीने पहले से यथोचित स्थलों को पक्का कर लेना जब तक कि आपातकालीन परिस्थितियों कम समय के नोटिस का औचित्य नहीं स्थापित करती हैं।

वर्ग बी : तैयारी आयुक्तों के कार्य

1. विश्व संविधान के पारित होने के लिए, पारित करने वाले आयुक्त एक विश्व व्यापी प्रचार करेंगे, राष्ट्रीय सरकारों द्वारा प्रारम्भिक रैटीफिकेशन लेने के लिए भी जिसमें राष्ट्रीय न्याय व्यवस्था शामिल है और लोगों द्वारा फाइनेल रैटीफिकेशन के लिए भी जिसमें जन समूह शामिल हैं। रैटीफिकेशन कमीशन अपना कार्य कररती रहेगी जब तक पूर्ण कार्यान्वित चरण की प्राप्ति नहीं हो जाती है।
2. विश्व निर्वाचन कमिशिन एक अस्थाई विश्व नक्शा तैयार करेगी जिसमें विश्व निर्वाचन और प्रशासनिक जनपद और क्षेत्र आयेंगे जोकि विश्व सरकार के प्रथम और द्वितीय कार्यान्वित चरण में संशोधित किया जा सकता है और जिसमें योजना होगी कि विश्व संसद के सदस्यों को जनता की सभा और काउन्सिलरों की सभा के लिए कैसे निर्वाचित किया जाए। विश्व निर्वाचन आयुक्त धीरे धीरे विश्व सीमाओं और निर्वाचन प्रशासन में परिवर्तित हो जाएगा।

3. 6 महीने बाद, जिन देशों की राष्ट्रीय सरकारों ने रैटीफिकेशन के आहवान का अनुकूल ढंग से नहीं उत्तर दिया है, तब रैटीफिकेशन कमीशन और विश्व निर्वाचन संविधान संयुक्त रूप से आगे बढ़ेगा कि विश्व संविधान को सीधे लोकप्रिय रैफरेन्डम द्वारा पारित करने और साथ में विश्व संसद के सदस्यों का चुनाव करना किया जाए।
4. रैटीफिकेशन कमीशन विश्व संविधान को सम्पूर्ण विश्व के विश्वविद्यालयों और कालेजों को भी रैटीफिकेशन के लिए सौंप सकता है।
5. विश्व विकासीय कमीशन विश्व आर्थिक विकास संस्था की रचना की योजना बना सकता है जोकि उन सभी राष्ट्रों और लोगों में सेवा प्रदान करें जिन्होंने विश्व संविधान को पारित कर दिया है और विशेषत: अल्प विकसित देश, कार्य प्रारम्भ कर दें जब अस्थाई विश्व सरकार की स्थापना हो जाती है।
6. विश्व निरस्तीकरण कमीशन विश्व निरस्तीकरण एजन्सी के आयोजन की योजनायें बनाएगी, और यह कार्य करना प्रारम्भ कर देगी जैसे ही विश्व सरकार की स्थापना हो जाती है।
7. अस्थायी विश्व संसद और अस्थायी विश्व सरकार को सम्भावित कदम उठाने के लिए विश्व समस्याएँ कमिशन एक गूढ़ विश्व समस्याओं का एजन्डा बनाएगी जिसे लिखित रूप से रखा जाएगा।
8. अस्थाई विश्व संसद के आयोजन से पूर्व, नामांकन आयुक्त एक नामांकनों की सूची तैयार करेगी जिससे अस्थाई विश्व सरकार के लिए प्रेसीडियम और कार्यपालक मंत्रीमण्डल की रचना की जाएगी।
9. अस्थायी विश्व सरकार को वितत प्रदान के लिए वित्तीय आयुक्त रास्ते और साधनों पर कार्य करेगी।
10. विशेष विश्व समस्याओं पर आयोजित विभिन्न आयुक्त विश्व प्रस्तावित न्याय व्यवस्था की तैयारी व हर समस्या के लिए कदम उठाने पर कार्य करेगी जिसे अस्थाई विश्व सरकार के समक्ष रखा जाएगा। जब उसकी बैठक बुलाई जाए।

वर्ग सी : अस्थाई विश्व संसद की संरचना

1. अस्थाई विश्व संसद निम्न सदस्यों द्वारा रचित की जाएगी :-
   1. वे सदस्य जो कि 1996 और 1999 के विश्व संवैधानिक सभा के सत्रों के सदस्य रहे हों और जो धरती के साम्राज्य के संशोधित रूप को दोबारा समर्थ देते रहें।
   2. जो व्यक्ति निर्वाचन पेटीशनों के लिए आवश्यकतानुसार हस्ताक्षर प्राप्त कर लेते हैं या फिर जिन्हें गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा निर्धारित किया गया हो जो कि इस कार्य के लिए सहमति प्राप्त प्रतिज्ञाओं को अपनाते हैं या फिर जो दूसरी तरह से परिपूर्ण हैं जैसा कि विशिष्ट शर्तों के रूप में अस्थायी विश्व संसद के विशेष सत्रों में बंलाने के आहवाहन के रूप में दिया गया है।
   3. जनता की सभा के लिए विश्व संसद के सदस्य जिनका चुनाव विश्व निर्वाचन और प्रशासनिक जनपदों द्वारा अस्थायी विश्व संसद के आयोजन के समय तक किया गया है। विश्व सरकार के प्रथम कार्यान्वित चरण तक पहुँचने तक विश्व सदस्य के वे सदस्य जो कि जनता की सभा के लिए निर्वाचित हुए हैं, अस्थायी विश्व संसद में लगातार जड़ते रहेंगे।

4.देशों की सभा के लिए विश्व संसद के सदस्य जो कि राष्ट्र कानून व्यवस्था द्वारा निर्वाचित किए गये हैं अथवा विश्व संसद के आयोजन के समय राष्ट्रीय सरकारें द्वारा नियुक्त किये गये हैं। विश्व सरकार के प्रथम कार्यान्वित चरण तक पहुँचने के लिए विश्व संसद के वे सदस्य जो कि जनता की सभा के लिए निर्वाचित हुये हैं अस्थायी विश्व संसद में लगातार जुड़ते रहेंगे।

5.वे विशविद्यालय और कालेज जिन्होने विश्व संविधान को पारित किया है, वे व्यक्तियों को काउन्सिलरो की सभा के लिए विश्व संसद के सदस्यों के रूप में सेवा प्रदान करने के लिए नामांकित कर सकते हैं। जनता की सभा और और देशों की सभा मिलकर फिर ऐसे नामांकनों का चुनाव कर सकते हैं जोकि विश्व संसद के 50 सदस्यों के रूप में अस्थाई विश्व सरकार की काउन्सिलरों की सभा में सेवा प्रदान करे।

2. अस्थायर विश्व संसद के वर्ग (ए) और (बी) में ऊपर परिभाषित सदस्य तब तक सेवा प्रदान करेंगे जब तक कि विश्व सरकार का प्रथम कार्यान्वित चरण घोषित नहीं हो जाता किन्तु इनका पुर्नचुनाव विश्व संसद के सदस्यों के रूप में होने से यह लगातार प्रथम कार्यान्वित चरण में कार्य करेंगे।

वर्ग डी : अस्थाई विश्व कार्यपालक का निर्माण

1. जैसे ही अस्थाई विश्व संसद फिर से बैठती है, वे अस्थाई विश्व संसद और अस्थायी विश्व सरकार के लिए एक नये प्रसीडियम का चुनाव करेगी। उन नामांकनों में से जो नामांकन आयुक्त द्वारा सौंपे गये हैं।
2. अस्थाई विश्व संसद के सदस्य 3 वर्षों के कार्यकाल तक सेवा प्रदान करेंगे और अस्थाई विश्व ससंद द्वारा दोबारा निर्वाचित किये जा सकते हैं किन्तु हर सूरत में वो केवल प्रसीडीयम के निर्वाचन तक ही सेवारत रहेंगे विश्व सरकार के प्रथम कार्यान्वित चरण के अर्न्तगत।
3. प्रसीडियम कार्यपालक मंत्रीमण्डल के अतिरिक्त नामांकन कर सकता हूँ।
4. अस्थाई विश्व संसद कार्यापालक मंत्रीमण्डल के सदस्यों का निर्वाचन करेगा।
5. फिर प्रसीडियम मंत्रियों के पदों को कार्यपालक मंत्रीमण्डल और प्रसीडियम में निर्धारित करेगा।
6. जब सेक्शन डी के (4) के जरिये प्रथम चरण पूर्ण हो जाता है, तब अस्थाई विश्व सरकार को कार्यान्वित घोषित करर दिया जायेगा जिससे वह मानवता की भलाई के कार्यो में जुट जाए।

वर्ग ई : अस्थाई विश्व सरकार की प्रथम क्रियाएँ

1. प्रेसीडीयम, कार्यापालक मंत्रीमण्डल व विशेष विश्व समस्याएँ आयुक्त और विश्व संसद एक कार्यक्रम को परिभाषित करेंगे जिससे सबसे महत्वपूर्ण विश्व समस्याओं पर कार्य किया जला सके।
2. इस विश्व संविधान के प्राविधानों के अनुसार, जैसा कि उपयुक्त और सम्भव हो, अस्थाई विश्व संसद विश्व समस्याओं के एजेन्डा पर कार्य करेगी और कदम उठाएगी।
3. विश्व संविधान के लगातार पारित होने की सीढ़ियों अस्थायी विश्व सरकार की संख्या बढ़ाई जाएगी और अस्थाई विश्व संसद द्वारा कानूनों को लागू करना और उनको मानना इस लिये स्चयंसेवी ढ़ग से होगा क्योकि इसके कई लाभ हैं।

4. विश्व सरकार के प्रथम कार्यान्वित चरण में अनुच्छेद 16 के सेक्शन सी-12 के अनुसार अस्थायी विश्व संसद और अस्थाई विश्व कार्यपालक उपयुक्तता और संभावना के अनुसार कुछ कार्य करेंगे।
5. सम्बन्धित कार्यों के लिये, विश्व आर्थिक विकास संस्था और विश्व निरस्तीकरण एजन्सी की स्थापना की जाएगी।
6. विश्व संसद और अस्थायी विश्व सरकार का कार्यपालक मंत्रीमण्डल विश्व सरकार के अन्य अंगों और एजन्सियों की अस्थाई रूप से स्थापना करेगा। जहाँ तक इच्छा हो और सम्भावना हो मुख्यत: जो कि अनुच्छेद 16 के सेकशन डी में बताये गये हैं।
7. गूढ़ विश्व समस्याओं के लिये कई तैयारी आयुक्तों को पुन: निर्माणित किया जा सकता है, अस्थायी विश्व सरकार के प्रशासनिक विभागों की तरह।
8. अस्थाई विश्व सरकार अपने सारे कार्यों और गतिविधियों के लिए धरती के साम्राज्य के इस संविधान के प्रावधानों के अनुसार कार्य करेगी।

धरती के साम्राज्य का संविधान सबसे पहले विश्व संवैधानिक सभा जो कि जून, 1977 में इन्सब्रक, आस्ट्रिया में आयोजित हुई, पारित हुआ और चौथी विश्व संवैधानिक सभा जो कि ट्रोया, पुर्तगाल में मई, 1991 में आयोजित हुई जहाँ इसका संशोधन हुआ। वर्ष 1977 तथा 1991 हुई सभाओं के हस्ताक्षर अगले पुष्टों पर हैं।